# रन फॉर राम : अभिषेक सोनी और इजराइल के देस्ये एंडालेव विजेता

राम नाम के जयकारों के साथ मैराथन की हुई शुरुआत



अयोध्या में आयोजित रन फॉर आल में सहभागिता करते युवा। अमृत विचार



रन फॉर ऑल के विजेताओं के साथ महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व अन्य।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** क्रीड़ा भारती ने रविवार को रन फॉर राम का आयोजन किया। 14 कोसी परिक्रमा पथ और रामपथ पर आयोजित इस विशेष दौड़ में देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवाओं के साथ इजरायल ने भी हिस्सा लिया। रन फॉर राम के इस आयोजन में युवाओं का गजब का उत्साह दिखा। राम नाम के जयकारों के साथ दौड़ की शुरुआत लता मंगेशकर चौक से हुई और पूरा मार्ग भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।



रन फॉर ऑल में रामपथ पर दौड़ लगाते युवा। अमृत विचार

क्रीड़ा भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित यह मैराथन प्राचीन 14 कोसी परिक्रमा से प्रेरित है। इस वर्ष देश-विदेश के धावकों की बड़ी संख्या ने इसे अब तक का सबसे बड़ा आयोजन बनाया। 100 से अधिक महिला धावकों ने हिस्सा लेकर खेलों में समावेशिता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। आयोजन में कुल 15 लाख रुपए का पुरस्कार रखा गया था। मुख्य 42 किमी पुरुष वर्ग में अभिषेक सोनी और इज़राइल के अंतरराष्ट्रीय धावक देस्ये एंडालेव को विजेता घोषित किया गया। प्रत्येक को 1.25 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। अन्य श्रेणियों के विजेताओं को उनके प्रदर्शन के आधार पर 10 हजार से लेकर एक लाख तक के पुरस्कार दिए गए। 42 किमी दौड़ में अंतरराष्ट्रीय पुरुष वर्ग में देस्ये एंडालेव (इथियोपिया), डैनियल किपकेम्बोई रोनो व अमोस किपलागट विजेता घोषित हुए। इस दौरान क्रीड़ा भारती पदाधिकारियों के अलावा महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, अवध इंटरनेशनल स्कूल चेयरमैन शान्तनु सिंह आदि मौजूद रहे।

### विजेताओं की सूची

**42 किमी – पुरुष (भारतीय)**
प्रथम स्थान- अभिषेक सोनी
द्वितीय स्थान- अक्षय कुमार
तृतीय स्थान- पंकज सिंह

**21 किमी – पुरुष**
प्रथम स्थान - प्रिंस राज यादव
द्वितीय स्थान- साहिल सागर
तृतीय स्थान - रवि कुमार पाल

**21 किमी – महिला**
प्रथम स्थान- सोनी देवी
द्वितीय स्थान- काविता
तृतीयस्थान- माधुरी यादव

**10 किमी – पुरुष**
प्रथम स्थान- दीप पाल
द्वितीय स्थान -पंकज यादव
तृतीय स्थान - इस्लाम अली

**10 किमी – महिला**
प्रथम स्थान- अंकिता
द्वितीय स्थान- आकांक्षा सिंह
तृतीय स्थान- अंजली

# अंडरपास ही अंतिम विकल्प इससे कम स्वीकार नहीं

- ददेरा-भरतकुंड मार्ग को जोड़ने वाली सड़क को ब्लॉक करने से होंगे हजारों प्रभावित
- बैठक में ग्रामीण बोले, भविष्य में कई प्रकार की कठिनाइयों का करना पड़ेगा सामना

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** अयोध्या रिंग रोड परियोजना के ग्राम ददेरा में अंडरपास न बनने से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को एक बैठक की। इसमें ग्रामीण किसानों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं को भविष्य में होने वाली समस्याओं पर चिंतन किया गया। लोगों का कहना था कि मुख्य मार्ग बंद होने से उन्हें सुनसान और लंबे रास्तों से गुजरना पड़ेगा, जिससे भविष्य में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। बैठक में ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अंडरपास बनना ही अंतिम विकल्प है इससे कम कुछ भी स्वीकार नहीं है। यह भी कहा गया कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



प्रतीकात्मक फोटो

### चेहरे पर भय और थकान



धीरेन्द्र प्रताप

ग्रामवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सुबह कंधे पर बस्ता टांगे निकलने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरे पर आज भय और थकान है। मुख्य मार्ग बंद होने से उन्हें सुनसान और लंबे रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। भविष्य में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। कहा कि अगर आज इस क्षेत्र में किसी बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ जाए या किसी गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना हो, तो बंद सड़क उनकी मौत का वारंट साबित हो सकती है। एम्बुलेंस का रास्ता 'विकास की दीवार' ने रोक दिया है।

### व्यवस्था की नब्ज काटने जैसा



सचिन तिवारी

ग्रामवासी सचिन तिवारी ने कहा कि हम आधुनिक बुनियादी ढांचे और रिंग रोड का जश्न मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासन व कार्यदायी संस्था की अदूरदर्शिता ने हजारों ग्रामीणों के जीवन को एक परिधि में बांधकर कारागार में तब्दील कर दिया है। ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व वाले राम वनगमन मार्ग को भरतकुण्ड रोड से जाने वाली रोड अलावलपुर से ददेरा-भरत कुंड को वर्तमान निर्माणाधीन रिंग रोड़ द्वारा बिना किसी विकल्प के ब्लॉक किया जाना आम जनमानस हेतु न्याय संगत नहीं है। इस सड़क का बंद होना एक पूरी ग्रामीण व्यवस्था की नब्ज को काटने जैसा है।

### चुप्पी को कमजोरी न समझें



लल्लन पासवान

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लल्लन पासवान ने कहा कि अगर हमें हमारे बुनियादी रास्तों से ही काट दिया गया, तो यह रिंग रोड हमारे किस काम की, प्रशासन हमारी चुप्पी को हमारी कमजोरी न समझें। क्षेत्र की जनता अब और सहने की स्थिति में नहीं है। ग्रामवासियों की मांग स्पष्ट है कि बिना देरी किए इस महत्वपूर्ण जंक्शन पर अंडरपास का निर्माण शुरू हो, यदि इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ग्रामीण सड़कों पर उतरकर चक्का जाम करने और उग्र प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

### किसानों को खेतों से किया बेदखल



सुभाष तिवारी

सुभाष तिवारी ने कहा कि जिस अन्नदाता के दम पर देश चलता है, आज उन्हीं किसानों को अपने ही खेतों से बेदखल कर दिया गया है। कई किसान ऐसे है जिनकी अधिकांश भूमि निर्माणाधीन रिंग रोड़ परियोजना में अधिग्रहित कर ली गयी है अब जो शेष जमीन बची है उसपर इस परियोजना की खामियों के कारण खेती कर पाना सम्भव नही हो पा रहा है।

### जनप्रतिनिधियों को करनी चाहिए पहल



चंदन मौर्या

ग्रामवासी चंदन मौर्या ने कहा कि इस रिंग रोड पर अंडर पास न होने के कारण तीन ग्राम सभाओं का आवागमन पूर्णतया प्रभावित हो जाएगा। जिसमें ग्राम पंचायत अलावलपुर, इटौरा का मजरा सूखापुर, ग्राम बहोरनपुर के साथ ग्राम पंचायत ददेरा के तीन मजरों का आपसी संपर्क टूट जाएगा। अभी समय है कि इस प्रशासन कोई उचित निर्णय ले, इसके लिए जनप्रतिनिधियों को भी पहल करनी चाहिए।

# बिरादरी भोज में जुटेंगे 121 गांवों के लोग

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** सूर्यवंशी क्षत्रिय समाज की महापंचायत के तहत ग्राम पूरा स्थित राजा दशरथ समाधि स्थल प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल भंडारे के आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में 121 गांवों में निमंत्रण भेजने की तैयारी पूर्ण होने की जानकारी दी गई।



महापंचायत को संबोधित करते विधायक अभय सिंह। अमृत विचार

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य यजमान भगवान बक्श सिंह व आशा सिंह के पुत्र गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने बताया कि माता-पिता के चारों धाम दर्शन के उपलक्ष्य में 14 मार्च 2026 से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन पंडित ज्ञान चंद्र द्विवेदी करेंगे। 21 मार्च को सर्व समाज का विशाल भंडारा आयोजित होगा। इसके पश्चात 22 मार्च को बिरादरी भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 121 गांवों व कस्बों से सूर्यवंशी क्षत्रिय समाज के लोग भाग लेंगे। बताया कि बैठक में 121 गांवों में बसें क्षत्रिय समाज को निमंत्रण स्वरूप तुलसी दल बांटने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन लाल साहब सिंह ने किया, जबकि अध्यक्षता गुरु प्रसाद सिंह ने की।

## भारतीय मजदूर संघ का धरना 25 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर 25 फरवरी को अयोध्या जिला सहित पूरे उत्तर प्रदेश में श्रमिकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। भामसं के जिला मंत्री आशीष श्रीवास्तव एवं विभाग प्रमुख जयप्रकाश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम श्रमिक हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्र एवं राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। भामसं का 21वां अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन 6, 7 और 8 फरवरी 2026 को पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ की पावन भूमि पर संपन्न हुआ था। प्रतिनिधियों ने श्रमिकों की समस्याओं पर व्यापक चर्चा की तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए। इन्हीं प्रस्तावों में 25 फरवरी को देशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया है।

# 250 उपकेंद्रों के 400 फीडरों पर फोन कॉल से शटडाउन हुआ लॉक

- मुख्य अभियंता वितरण की ओर से जारी किए गए निर्देश
- उल्लंघन या हादसों पर अवर अभियन्ता और एसडीओ होंगे जिम्मेदार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बिजली लाइनों में फाल्ट ठीक करने के दौरान हो रहे हादसों पर अब सख्ती से लगाम कसी जाएगी। जान जोखिम में डालकर काम करने की परंपरा पर विराम लगाने के लिए मुख्य अभियंता वितरण ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। अब किसी भी हालत में लाइनमैन या बिजली कर्मियों को उपकेंद्रों से फोन पर शटडाउन नहीं दिया जाएगा। यदि इस तरह फोन कॉल पर शटडाउन दिया गया और कोई हादसा पेश आया तो संबंधित एसडीओ और अवर अभियंता सीधे जिम्मेदार होंगे और उन पर कार्रवाई होगी।



पहले चरण में अयोध्या मंडल के 250 से अधिक बिजली उपकेंद्रों के 400 फीडरों पर यह व्यवस्था लागू की जाएगी। सार्वजनिक विद्युत उप केन्द्र सुल्तानपुर के शामिल किए गए हैं। वहां 123 विद्युत उप केन्द्रों पर इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या के 56, अम्बेडकरनगर के 94, बाराबंकी के 88, अमेठी के 36 समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह व्यवस्था लागू होगी। मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि जब तक संबंधित कर्मी मौके पर मौजूद न हों और उनके पास पूरी सुरक्षा किट उपलब्ध न हो, तब तक लाइन में आए फाल्ट को सही करने के लिए फीडर की आपूर्ति बंद नहीं की जाएगी।

> इससे पहले भी 2025 मार्च में इसे लेकर निर्देश तत्कालीन मुख्य अभियंता वितरण द्वारा जारी किए गए थे, उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए पुन: सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस पर अधिशासी अभियंताओं को मानीटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। – **बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता, वितरण, अयोध्या मंडल**

### प्रतिदिन 12 दुर्घटनाएं, अयोध्या में वार्षिक आंकड़ा 150-200 के बीच

विद्युत सुरक्षा निदेशालय की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में मार्च 2023 से सितंबर 2025 तक के बीच असावधानी और लापरवाही के कारण 11 हजार से अधिक विद्युत घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें से 3606 व्यक्तियों की मृत्यु भी हो गई। विभागीय आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन लगभग 12 विद्युत दुर्घटनाएं होती है। अयोध्या में यह आंकड़ा प्रति वर्ष 150 से 200 के बीच का है जबकि सुल्तानपुर में एक वर्ष में 350 और अम्बेडकरनगर में सौ बिजली कर्मियों का है। बाराबंकी और अमेठी में 30 से 35 हादसे वर्ष भर में बताए गए हैं।

## 36 पीएचसी पर आरोग्य मेला आयोजित

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिले के सभी 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 906 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इसमें 70 चिकित्सकों और 206 पैरामेडिकल स्टाफ सहित कुल 276 स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं। मेले में इलाज कराने वाले 906 मरीजों में 346 पुरुष, 354 महिलाएं और 72 बच्चे शामिल थे। इन सभी को आवश्यक स्वास्थ्य लाभ और परामर्श प्रदान किए गए। स्वास्थ्य मेले के दौरान 62 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। हेल्प डेस्क पर 92 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई, जबकि कोविड-19 के लिए किए गए परीक्षणों में कोई भी पॉजिटिव मामला नहीं मिला।

# जनसंवाद का माध्यम बनी 'मन की बात'

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री की 'मन की बात' के 131वें संस्करण के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा महानगर क्षेत्र के लगभग 400 बूथों पर सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनमें पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के विचारों को सुना।



प्रधानमंत्री की मन की बात सुनते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

- 131वें संस्करण पर 400 बूथों पर हुआ सामूहिक श्रवण

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बूथ संख्या 22, अम्बेडकर नगर (करियप्पा मंडल) में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना। क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य सरोज कुमारी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कौशलपुरी आवास पर तथा पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने विद्याकुंड वार्ड में आयोजित सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में सहभागिता की। इसके अतिरिक्त महानगर के विभिन्न बूथों पर अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों से सीधा संवाद है। कहा कि प्रधानमंत्री समाज के प्रेरणादायक व्यक्तित्वों, नवाचारों और जनभागीदारी की ताकत को सामने लाकर राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश सदैव जनहित, स्वावलंबन और सामाजिक सहभागिता पर केंद्रित रहता है।

## शिविर में विभिन्न उत्पाद बनाकर महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा महिलाओं हेतु आय सृजन गतिविधियां विषय पर 10 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन पिठला गांव में किया गया। प्रशिक्षण में 30 ग्रामीण युवतियों व महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को काग़ज के लिफाफे, कैरी बैग, विभिन्न आकार प्रकार व रंगों की मोमबत्तियां, साबुन आदि बनाने की विधि का प्रशिक्षण दिया गया। महिला अध्ययन केंद्र की अध्यक्ष डॉ पूनम सिंह ने महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों, युवाओ और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेकों योजनाएं चल रही हैं। डॉ अंजना राय के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



सभागार में स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुलिस लाइन सभागार में संचारी रोगों के संक्रमण काल के दृष्टिगत स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ अरविंद श्रीवास्तव के नेतृत्व में हेल्थ टीम द्वारा बुखार व अन्य लोगों की जांच व दवा वितरण किया गया। डॉ. नीरज श्रीवास्तव, डॉ सबा जमाल एवं सहयोगी संस्था व्योमिका से डॉ. दीपिका चंद्रा ,फार्मासिस्ट कृष्ण कांत ,लैब टेक्नीशियन सुमित कुमार, सपोर्ट स्टाफ साधना पांडे, शिव प्रसाद ,क्षेत्राधिकार लाइन विकास राय, प्रतिसार निरीक्षक संदीप कुमार राय, उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, मुख्य आरक्षी उमाशंकर प्रसाद, महिला मुख्य आरक्षी शालिनी शर्मा व महिला आरक्षी कविता पटेल की उपस्थिति में डेंगू ,मलेरिया एवं अन्य संक्रामक रोग की बीमारियों से बचने के लिए जानकारी दी गई।

सुविधा

अवध इंटरनेशनल स्कूल में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

# 17 हजार से अधिक मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य मेले का लाभ

## हमारा सेवा का भाव हमेशा बना रहना चाहिए : स्वांत रंजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन व श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के तत्वावधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला श्री अयोध्या धाम 2.0 का रविवार को अवध इंटर नेशनल स्कूल दर्शननगर के परिसर में आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। मेले में दोपहर 2 बजे तक 17067 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया और दवा प्राप्त की। सात हजार से अधिक मरीजों के रक्त की जांच की गई, 1000 से अधिक चश्मा वितरित किया गया। मोतियाबिंद के 130 मरीजों समेत कई गम्भीर मरीजों को पंजीकृत किया गया, जिन्हें जल्द ही विभिन्न अस्पतालों में ले जाकर उपचार दिया जायेगा।



अवध इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित स्वास्थ्य मेले में दीप प्रज्ज्वलित करते गणमान्य।

स्वास्थ्य शिविर में सभी प्रमुख विशेषज्ञ उपलब्ध रहे। सभी को निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क जांच और निःशुल्क दवाओं की व्यवस्था की गई है। कैंसर स्क्रीनिंग से लेकर मोतियाबिंद सर्जरी तक की व्यवस्था की गयी थी। मेले में ब्लड जांच, आंखों की जांच, ईसीजी, पेशाब जांच सहित कई जरूरी परीक्षण निःशुल्क किए गए। कैंसर स्क्रीनिंग के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहीं।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांत रंजन जी ने स्वास्थ्य मेला के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि हमारा सेवा का भाव हमेशा बना रहना चाहिए। हम निष्काम कर्म कर रहे हैं। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर ने बताया कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य यात्रा 2019 में प्रारंभ हुआ था, इस यात्रा के माध्यम से सीमावर्ती सुदूर क्षेत्रों में आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है।

श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास अध्यक्ष प्रो. एमएलबी भट्ट निदेशक कल्याण सिंह मल्टी स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान लखनऊ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह संघ की अद्भुत दृष्टि है कि बड़े-बड़े मेडिकल कॉलेज छात्र सुदूर सीमावर्ती गांव में जाकर चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। समारोह का संचालन नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइज़ेशन अवध प्रांत के अध्यक्ष एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के महासचिव डॉ. भूपेंद्र सिंह ने किया। सचिव डॉ. शिवम मिश्र ने किया। आयुर्विज्ञान संस्थान बीएचयू के निदेशक प्रों एस एन शंखवार, राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. दिनेश मार्तोलिया समेत 200 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। समारोह में राम मंदिर ट्रस्ट सदस्य डाक्टर अनिल मिश्र, बावन मंदिर महंत वैदेही बल्लभ शरण जी महाराज, महंत बनवारी पति जी महाराज, महंत जयराम दास महाराज, राज्य मंत्री सतीश शर्मा, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग सदस्य डॉक्टर सुधीर प्रकाश, संघ अवध प्रांत सम्पर्क प्रमुख गंगा सिंह, विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र, सह विभाग प्रचारक शैलेन्द्र जी, महानगर संघ चालक डाक्टर विक्रमा प्रसाद पांडेय, महानगर सह संघ चालक डाक्टर अजय मोहन, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक राम चन्द्र यादव, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक अभय सिंह, विधायक चंद्र भानु पासवान, विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, अवध इंटर नेशनल स्कूल के संरक्षक अतुल सिंह, स्कूल चेयरमैन शान्तनु सिंह, भवदीय ग्रुप के चेयरमैन डा. अवधेश वर्मा, पूर्व विधायक खब्बू तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अभिषेक मिश्र, भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, बीकापुर ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा, डाक्टर अनिल सिंह, जतिन वर्मा सहित हज़ारों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कोतवाली रुदौली में ग्राम चौकीदारों की बैठक

**शुजागंज अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली में प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य की अध्यक्षता में ग्राम चौकीदारों की बैठक आयोजित की गई। आगामी होली और रमजान के मद्देनजर सभी को अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने, संभावित विवादों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा अफवाहों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। उच्चाधिकारियों के आदेशों से अवगत कराते हुए त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की गई।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त
एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वस्नीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी
बाबू किशोर चन्द कपूर ''किशोर जी''
के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के.
बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर



विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन - 9519456555 9695416555

# राम मंदिर में 19 को भव्य आयोजन, दो प्रदेशों से पहुंचेंगे 3000 विशेष मेहमान

## राम मंदिर के परिधि में बने परकोटा के बाहर उत्तरी मैदान में होगा कार्यक्रम

सत्य प्रकाश, अयोध्या।

**अमृत विचार:** राष्ट्रपति द्रौपदी मर्मू के द्वारा 19 मार्च को राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्री राम महायंत्र की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम में इस बार उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लोगों को शामिल किया जाएगा। वहीं एक बार फिर राम जन्मभूमि परिसर में भव्य आयोजन की तैयारी है।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सूचीबद्ध लोगों को बुलाने की योजना है। सभी क्षेत्रों से भी नाम आ रहे हैं। ऐसे लोग, जिनकी राम जन्मभूमि आंदोलन में सक्रिय भूमिका रही है। या ऐसे लोग अभी तक प्राण प्रतिष्ठा और ध्वजारोहण के अवसर पर नहीं आ पाए हैं। उन्हें बुलाए जाने की योजना हैं, जिसमें कुल संख्या लगभग 5000 लोगों की है। इस प्रकार की योजना चल रही है। निर्माण कार्य से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारियों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने का निमंत्रण दिया जा रहा है। इसी तरह उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 3000 लोग और एलएंडटी और टाटा के साथ निर्माण कार्य से जुड़ी इकाइयों के लगभग 2000 की संख्या में लोग उपस्थित रहने वाले हैं। कार्यक्रम की दृष्टि से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित किया गया है।

- निर्माण कार्य से जुड़े 300 एजेंसियों के 2000 वर्कर भी बनेंगे अतिथि



19 मार्च के कार्यक्रम को लेकर सज रहा राम मंदिर।

### 19 मार्च के कार्यक्रम के साथ होंगे रामलला के दर्शन

19 मार्च को राम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के साथ-साथ आने वाले श्रद्धालु रामलला का दर्शन भी कर सकेंगे। ऐसी व्यवस्था श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट जिला प्रशासन के साथ तैयार कर रहा है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने बताया कि जिस प्रकार से राम मंदिर में श्रद्धालुओं का दर्शन चल रहा है। उस समय भी चलता रहेगा। सुरक्षा को ध्यान में रखते प्रशासन अपनी योजना बना रहा है।

### परकोटा के बाहर होगा आयोजन

राम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को बैठने की विशेष सुविधा होगी। ट्रस्ट के सूत्रों की मानें तो राम मंदिर के 8 एकड़ की परिधि में बने परकोटा के बाहर उत्तरी दिशा के मैदान में अतिथियों को बैठने की व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे हिंदी नव वर्ष और चैत्र शुक्ल नवरात्र के प्रथम दिन पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालु राम मंदिर में दर्शन कर सकें। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना भी जताई जा रही है।

## रामकथा पार्क में बना रहा आधुनिक पर्यटक आवास

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के तहत तेजी से संवर रही रामनगरी में आने वाले अब हर श्रद्धालु को ''अतिथि देवो भवः'' की भावना के अनुरूप सत्कार मिलेगा। इसके लिए रामकथा पार्क में एक आधुनिक नवीन पर्यटक आवास गृह (गेस्ट हाउस) का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा है। यह परियोजना अयोध्या में बढ़ते पर्यटकों की संख्या को देखते हुए ठहरने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। रामकथा पार्क पहले से ही रामायण की कथाओं को जीवंत रूप में दर्शाने वाला महत्वपूर्ण स्थल है। अब एक नए जी 3 मंजिला भवन के रूप में और आकर्षक बनने जा रहा है। इस पर्यटक आवास गृह में कुल 34 कमरों की सुविधा उपलब्ध होगी। भवन की कुल अनुमानित लागत 2421.08 लाख रुपये है। यह निर्माण कार्य यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड निर्माण इकाई -11 अयोध्या की देखरेख में हो रहा है, जबकि पीपीई प्रणाली के तहत एलएंडटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस नए पर्यटक आवास गृह को पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। इसमें 34 कमरें, किचिन, रेस्टोरेंट, लिफ्ट, वातानुकूलित कमरे, रिसेप्शन लॉबी, आधुनिक स्नानघर, वाई-फाई, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल होंगी। यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड अयोध्या के परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है ताकि जल्द से जल्द इसे पूरा किया जा सके और पर्यटकों को इसका लाभ मिल सके।

- 2421.08 लाख की लागत से तैयार हो रहे भवन में होंगे 34 कमरे

# चलने लगा कट, सील अस्पतालों पैथोलॉजी के ताले खुले खटाखट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक चिकित्सा व्यवस्था में अंगद की तरह पैर जमाने वाले निजी अस्पताल अपने पुराने पैटर्न पर आकर चलने लगे हैं। अब इन अस्पतालों को न स्वास्थ्य विभाग का खौफ है न जनता जनार्दन को लेकर कोई गंभीरता। पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान के कार्यकाल के दौरान ताबड़तोड़ छापेमारी से बंद हुए निजी अस्पतालों का ताला भी माननीयों और दबंगों को जाने वाले कट की चाभी से खुल गए हैं।

तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बानियान ने अपने कार्यकाल के दौरान 35 से अधिक निजी अस्पताल सील किए थे। इसके अलावा तमाम खामियां बताकर 10 से अधिक पैथोलॉजियां पर ताले तक लगा दिए थे। इसी के बाद जिले के निजी अस्पतालों में खलबली मच गई थी। इतना ही निर्मला और सोना हॉस्पिटल के मामलों पर भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठोस कार्रवाई की गई। निर्मला हॉस्पिटल का तो ऑपरेशन थियेटर तक सील कर दिया गया और लाइसेंस निरस्त कर दिया था। इसको लेकर एसोसिएशन ने हस्तक्षेप करते हुए स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई को एकतरफा करारा दिया था। जब कहीं से राहत नहीं मिली तो निजी अस्पतालों के कर्ताधर्ता माननीयों और दबंगों की शरण में पहुंच गए। सूत्र बताते हैं कि माननीयों ने कट का रेट बढ़ाया तो निजी अस्पताल वहां सरेंडर हो गए, फिर माननीयों ने विभाग पर दबाव की सियासत शुरू की। इसी बीच रुदौली विधायक रामचंद्र यादव की शिकायत पर हुई जांच के बाद सीएमओ डॉ सुशील बानियान को हटा दिया गया। इसके बाद से निजी अस्पतालों की चांदी हो गई है। सूत्र बताते हैं मौजूदा समय में लगभग सारे अस्पताल व पैथोलॉजियां खुल गई हैं। डॉ. बानियान के अटैचमेंट के बाद जिले में ताबड़तोड़ बैटिंग कर रही पुरानी टीम को भी किनारे कर दिया गया है। इतना ही नहीं पटल देखने वाले लिपिक को भी हटाकर उसकी जगह नए को जिम्मेदारी दी गई है। अब यही कारण है कि मौजूदा परिस्थितियों में निजी अस्पतालों का गठजोड़ एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग पर हावी हो चला है।





- पूर्व सीएमओ ने सील किए थे 35 से अधिक निजी अस्पताल
- तमाम खामियां बता 10 से अधिक पैथोलॉजी पर जड़े थे ताले

> मैंने अभी कुछ दिन पहले ही चार्ज संभाला है। अभी व्यवस्था देख रहा हूं। यह जानकारी नहीं है कि तत्कालीन सीएमओ ने कितने अस्पताल सील किए थे और कितने खुल गए हैं? दो तीन दिन में फाइल निकलवाता हूं। निजी अस्पतालों के संचालन पर नजर रखने की जिम्मेदारी वर्तमान में भी रखी जा रही है। - डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया, सीएमओ

## 24 किसानों ने कराई फार्मर रजिस्ट्री



पंचायत भवन रामपुर सरधा पर फार्मर रजिस्ट्री कराते किसान।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड पूरा बाजार के ग्राम पंचायत रामपुर सरधा के पंचायत भवन पर रविवार को फार्मर रजिस्ट्री का शिविर लगाया गया। कैंप में 24 किसानों ने सुविधा का लाभ उठाया। रामपुर सरधा गांव निवासी व प्रधान संघ पूरा बाजार अध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी व अंकुर सिंह की उपस्थिति में आयोजित शिविर में किसान राजकुमार सिंह, राम बहादुर सिंह, नंदलाल कनौजिया, ज्ञान सिंह सहित 24 किसानों ने किसान रजिस्ट्री करवाया। प्रधान संघ अध्यक्ष ने बताया कि सरकार की यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। अब किसानों को किसी सरकारी कार्यालय या जनसेवा केंद्र का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। किसानों को उनके गांव में ही सारी सुविधाएं मिल रही हैं। शिविर में लेखपाल पूजा वर्मा, कृषि विभाग से धनंजय सिंह मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो घायल





**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** बीकापुर-जाना बाजार मार्ग पर रविवार दोपहर करीब तीन बजे एक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। हैदरगंज थाना क्षेत्र के जाना बाजार निवासी पवन कुमार (42) और बृजेश कुमार (24) स्कूटी पर बीकापुर बाजार आ रहे थे। जैसे ही दराबगंज बाजार के पास पहुंचे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए व स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ अतुल कुमार मिश्रा ने दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पीड़ित के खाते में वापस कराए 64 हजार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या में दर्ज साइबर ठगी के एक मुकदमे में साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित के खाते में 64 हजार रुपये वापस कराने में सफलता पाई है। उड़प्पी फूड पैलेस छोटी देवकाली अयोध्या में कार्यरत पीड़ित अमरेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि चार अक्टूबर 2025 को उनके मोबाइल पर एक कॉल आई, कॉल करने वाले ने अपने को बैंक अधिकारी बताते हुए मेरे खाते से जुड़ी जानकारी मांगी थी। इसके बाद मेरे खाते से एक लाख रुपये निकल गए थे। इस संदर्भ में कोतवाली अयोध्या पुलिस ने केस दर्ज किया था। नोडल अधिकारी साइबर क्राइम व एसपी देहात बलवंत चौधरी ने बताया कि घटना की जांच कर रही साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रविवार को पीड़ित के खाते में 64 हजार रुपये वापस कराने में सफलता पाई।

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 24 मरीजों को जांचा

**शाहगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील बीकापुर क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज पर रविवार को आयोजित साप्ताहिक मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कुल 24 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय गुप्ता की देखरेख में मरीजों का परीक्षण किया गया। प्रयोगशाला सहायक राकेश वर्मा द्वारा शुगर सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। उन्होंने बताया कि इस दौरान तीन आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा दो लोगों की आभा आईडी भी बनाई गई। माह में दो रविवार को आने वाले नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अनिल सरोज ने तीन मरीजों की आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया। बीएचडब्ल्यू पंकज सिंह भी मेले में उपस्थित रहे।

### होली को लेकर पुलिस अलर्ट, बढ़ाई निगरानी

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस अलर्ट मोड में है। पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में लगातार आमजन से संवाद कर शांति और भाईचारे की अपील की जा रही है। कोतवाली रुदौली के बीट नंबर एक के उपनिरीक्षक बलेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक विपिन श्रीवास्तव तथा कांस्टेबल राजेश कुमार क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। पुलिस टीम नागरिकों को अफवाहों से दूर रहने, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील कर रही है। उप निरीक्षक ने बताया सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनता दरबार में गूंजा जनहित का स्वर

शुजागंज अयोध्या।

**अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र यादव द्वारा स्थानीय डाक बंगला परिसर में आयोजित जनता दरबार में क्षेत्रवासियों की जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं, जिनमें राजस्व, बिजली, सड़क, जलनिकासी, आवास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं। जनता दरबार में विधायक ने संबंधित विभागों के उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा शासन की,जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचे। जनता दरबार में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

- विधायक रामचंद्र ने सुनीं समस्याएं त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

## इंटरलॉकिंग में निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, शिकायत

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** विकास खंड रुदौली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खंडपिपरा गांव पसिनपुरवा के प्रदीप कुमार द्वारा गांव में नाली एवं इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा पिछले चार वर्षों से नाली निर्माण व इंटरलॉकिंग सड़क के लिए प्रयास किए जाने के बावजूद आज तक गांव में निर्माण कार्य नहीं कराया गया है। खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

# 120 स्वयंसेवकों ने घोष वादन से की श्री रामलला की स्तुति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों ने रविवार को श्रीरामार्चनम कार्यक्रम के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में घोषवादन से प्रभु श्रीरामलला की स्तुति किया, जिसमें दिल्ली प्रांत से आए लगभग 120 वादक शामिल रहे। इसके पूर्व स्वयंसेवकों का दल राम की पैड़ी से वेणु (बांसुरी), शृंग (स्वरद, तुर्य , नागांग, गौमुख) और शंख से अलग-अलग रागों और रचनाओं का वादन करते हुए लता चौक से रामपथ होते हुए बाबू बाजार, देवकाली चौराहा, श्रृंगारघाट से सबसे पहले भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान गढ़ी मंदिर के सामने पहुंच कर प्रस्तुति दी।

इसके बाद पुनः मुख्य मार्ग से जगद्गुरु रामानंदाचार्य द्वार पर प्रदक्षिणा और स्थिर वादन करते हुए राम मंदिर परिसर में वाद्ययंत्रों के साथ प्रवेश किया। लगभग 30 मिनट तक मंदिर के सामने वाद्य यंत्रों के माध्यम से भगवान की स्तुति की गई। संघ प्रचारक गोपाल जी राव ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिल्ली प्रांत के घोष वादन करने वाले स्वयंसेवक हनुमान गढ़ी के बाद राम मंदिर में रामलला को घोषवादन को समर्पित किया।



रामपथ पर पथ संचलन करते संघ के कार्यकर्ता। अमृत विचार

# टोल निःशुल्क करने को वार्ता करेगा प्रशासन

सोहावल, अयोध्या।

**अमृत विचार :** स्थानीय वाहनों का टोल टैक्स निशुल्क करने की मांग अब जोर पकड़ रही है। रविवार को लोकल टोल मुक्त अयोध्या संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की बैठक सोहावल तहसील में एसडीएम सोहावल सविता देवी, सीओ सदर अरविंद सोनकर व टोल मैनेजर की मौजूदगी में हुई। इसमें अधिकारियों ने इस संबंध में शीघ्र ही नेशनल हाईवे अथॉरटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के सक्षम अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि होली पर्व तक संघर्ष समिति अपना आंदोलन स्थगित रखेगी। आगामी बैठक में आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। समिति के संयोजक दीपक सिंह एडवोकेट ने संघर्ष में शामिल सभी साथियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आंदोलन जनहित में है और सकारात्मक संवाद के माध्यम से समाधान तक पहुंचने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह, प्रधान संघ जिला अध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, कांग्रेस नेता शरद शुक्ला, अभिषेक सिंह, फरीद अहमद, सुनील द्विवेदी, अरशद आलम, मो साबिर, मुस्तकीम सिद्दीकी, विकास वर्मा, कप्तान सिंह, राजेश पांडे समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।





टोल शुल्क माफ करने की मांग को लेकर हाथों में बैनर लेकर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

- लोकल टोल मुक्त अयोध्या संघर्ष समिति व प्रशासनिक अधिकारियों की हुई बैठक

# लगा मेगा विधिक सहायता शिविर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शनिवार को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौरभ लवानिया ने किया।

कार्यक्रम में सेल्फी प्वाइंट आकर्षण का केंद्र रहा। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बीकापुर की छात्राओं ने भ्रूण हत्या पर लघु नाटक प्रस्तुत किया। मेडिकल टीम ने सीपीआर का प्रदर्शन किया, अग्निशमन विभाग ने मॉक ड्रिल की, तथा एल.एस.डी.पी. पब्लिक स्कूल रुदौली की छात्राओं ने आत्मरक्षा प्रदर्शन किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा 25,290 लाभार्थियों को चिन्हित कर लाभान्वित किया गया तथा 18 विभागों के 197 लाभार्थियों को मौके पर योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजिनी शुक्ला के निर्देशन में संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथियों में जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डीन डॉ. अशोक कुमार राय, बार एसोसिएशन फैजाबाद के अध्यक्ष कलिका प्रसाद मिश्रा सहित जनपद के न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह पासवान व धन्यवाद ज्ञापन अपर जिला जज मोहिंदर कुमार ने दिया।



शिविर में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौरभ लवानिया व अन्य। अमृत विचार

- इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने किया शिविर का शुभारंभ

ट्रेंड में अयोध्या

शिक्षक संगठनों की सामूहिक सहभागिता से सोशल मीडिया पर गूंजा सरकार का विरोध, चरणबद्ध आंदोलन का पहला दिन

# टीईटी के विरोध में ट्वीट, रिट्वीट में नंबर वन रहा अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** टीईटी के विरोध में शिक्षक संगठनों के सामूहिक विरोध ने सोशल मीडिया पर रविवार को तहलका मचा दिया। सर्वाधिक ट्वीट और रिट्वीट के साथ अयोध्या जिले के शिक्षकों ने नंबर वन पर सोशल मीडिया पर ट्रेंड किया। टीईटी की अनिवार्यता से शिक्षकों को मुक्त करने के लिए टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा एक्स ट्विटर हैंडल पर 'जस्टिस फॉर टीचर' टॉप ट्रैंडिंग रहा। इस अभियान में शासन द्वारा मान्यता प्राप्त सभी शिक्षक संगठन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ,उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ एवं महिला शिक्षक संघ भी शामिल हुए। अपराह्न दो बजे से चार बजे तक शिक्षकों ने ट्वीट और रिट्वीट करके अपनी मांग के समर्थन में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जबर्दस्त अभियान चलाया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व की बेसिक शिक्षा परिषद की सभी सेवा शर्तों एवं अर्हताएं पूरी करके नियुक्त शिक्षकों को पुनः टेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने का फैसला प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष मनोरमा साहू ने इसे शिक्षकों के अनुभव को नकारने वाला तथा उनके सम्मान के विरुद्ध बताया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने सरकार से टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग दोहराई। उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री चंद्रजीत यादव ने एक्स पर चलाए गए अभियान की सफलता से उत्साहित होकर कहा कि शिक्षक समुदाय अपने भविष्य के प्रति जागरूक हो गया है। महिला शिक्षक की ज़िला मंत्री नीलम मदाम ने कहा कि टेट के विरोध में चलाए जाने वाले आंदोलनों में महिला शिक्षक बढ़ चढ़कर भागीदारी करेंगी। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि टेट की अनिवार्यता के विरोध में प्रथम चरण में एक्स पर अभियान चलाया गया सफल रहा।



टीईटी के विरोध में ट्विटर अभियान में जुटे प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी व पदाधिकारी।

### 25 फरवरी तक काली पट्टी बांध विरोध

आंदोलन के दूसरे चरण में 23 फरवरी से 25 फरवरी तक शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। तीसरे चरण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन होगा। चौथे चरण में देश की राजधानी दिल्ली में शिक्षक मार्च करेंगे। आज के अभियान को सफल बनाने के लिए अजय सिंह, गोपाल श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, संतोष वर्मा, ओम प्रकाश यादव, संतोष द्विवेदी, पप्पू कुमार,मोहम्मद आरिफ, अविनाश आदि शामिल हुए।

## बीएलओ घर-घर जा करेंगे नोटिस वितरण, मतदाता नहीं होंगे परेशान

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं के लिए सुनवाई प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं समावेशी बना दिया गया है। यह जानकारी जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने दी। बताया कि अब तार्किक विसंगति वाले मतदाताओं को अनावश्यक रूप से परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मतदाताओं के सत्यापन हेतु बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) स्वयं घर-घर जाकर नोटिस का वितरण करेंगे। बताया कि बीएलओ द्वारा संबंधित मतदाता से नोटिस की पावती एवं आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उन्हें बीएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। इसके उपरांत सुनवाई की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी तथा किसी भी मतदाता को सुनवाई स्थल पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि उन्हें कोई नोटिस प्राप्त होता है तो वे बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि समयबद्ध रूप से कार्रवाई हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### हर्ष फायरिंग में पिता पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बिजेथुआ राजापुर गांव में हर्ष फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने पिता-पुत्र के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच में पाया गया कि मन्नालाल मोदनवाल की लाइसेंसी बंदूक से उनके पुत्र सचिन मोदनवाल तीन राउंड हर्ष फायरिंग करते दिखाई दिए। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि उपनिरीक्षक आर.पी. वर्मा की तहरीर पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### एमए हिंदी की मौखिक परीक्षा कल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप पीजी कालेज में एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 24 फरवरी को होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. इन्द्रमणि कुमार ने बताया कि दिन में 11 बजे से होने वाली इस परीक्षा में विद्यार्थी प्रवेश पत्र व परियोजना कार्य के साथ आयेंगे। अनुपस्थित रहने पर परीक्षा परिणाम बाधित होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्यार्थियों की होगी।

### जादीपुर में आज लगेगा सामाजिक अधिकारिता शिविर

**भदैया, सुलतानपुर :** क्षेत्र के ग्राम जादीपुर (पोस्ट पखरौली) स्थित बसंतवीर बाबा धाम मैदान में सोमवार को सामाजिक अधिकारिता शिविर आयोजित होगा। शिविर में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों तथा एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे से शुरू होने वाले शिविर में बड़ी संख्या में लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोश

## मुकदमा दर्ज, सोशल मीडिया पर भीमराव आंबेडकर व चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का मामला

**लंभुआ, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया पर भीमराव आंबेडकर और चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने से लंभुआ क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। मामले में आजाद समाज पार्टी के लंभुआ विधानसभा अध्यक्ष दीपक कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के दुल्हापुर निवासी सूरज मिश्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो जारी कर बाबा साहब आंबेडकर, भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद तथा उनसे जुड़े आस्था प्रतीकों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे अनुयायियों में रोष फैल गया और सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर राजनीतिक दल के पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त होने के बाद सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार आरोपी ने बाद में संबंधित समुदाय से माफी मांगते हुए सोशल मीडिया पर नया वीडियो जारी किया और पुराना वीडियो हटा दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी वर्तमान में जनपद से बाहर रहकर नौकरी करता है। एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



थाने पहुंचे आजाद समाज पार्टी से जुड़े लोग। ● अमृत विचार

### युवक से मारपीट में दो पर केस

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र में दलित युवक से मारपीट के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। बनकेगांव निवासी प्रदीप कुमार अपनी ससुराल सरायकल्याण से लौट रहे थे, तभी खतीवपुर गांव के पास आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर शिवम सिंह और छठ्ठू गुप्ता उर्फ कृष्णा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# खड़ी डीसीएम से सरसों के तेल के गत्ते गायब

● पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 81 के पास खड़ी थी गाड़ी

**बल्दीराय, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** हलियापुर थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 81 के पास खड़ी डीसीएम से लगभग 65-70 गत्ते सरसों का तेल चोरी हो गया। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। चालक जहीर पुत्र जलील खान निवासी रूपशपुर (फिरोजाबाद) ने बताया कि वह आगरा से बलिया सरसों का तेल लेकर जा रहा था। रात करीब डेढ़ बजे नींद आने पर उसने डीसीएम को जरई कला के पास सड़क किनारे खड़ा कर दिया और सो गया।

सुबह उठने पर वाहन की रस्सियां कटी मिलीं। ऊपर चढ़कर देखने पर कई गत्ते तेल गायब मिले, जिसके बाद चालक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कुछ गत्ते और तेल के डिब्बे पास की झाड़ियों में पड़े मिले।

थाना प्रभारी वंदना अग्रहरि ने बताया कि डीसीएम से तेल के गत्ते गायब होने की सूचना मिली है, लेकिन अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि चालक और वाहन मालिक शिकायत दर्ज कराने से बच रहे हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। तहरीर मिलने पर सभी पहलुओं की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला स्तरीय कबड्डी में जीएमएम बना विजेता

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** शहर के सीताकुंड धाम में आयोजित तृतीय डॉ सत्य प्रकाश श्रीवास्तव स्मारक कबड्डी प्रतियोगिता में जिले भर से टीमों ने प्रतिभाग किया। गोमती मित्र मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सुधाकर सिंह के द्वारा किया गया।

दिन भर चली प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें पहला सेमीफाइनल भदैया और सीताकुंड के बीच खेला गया। सीताकुंड ने 30-21 से जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल जीएमएम और श्रीचंद राष्ट्रीय इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमें जीएमएम की टीम ने 34-22 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला जीएमएम और सीताकुंड के बीच खेला गया, जिसमें जीएमएम की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में 18-12 से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। टीम की तरफ से निखिल, प्रिंस, वैभव, अर्पित ने बढ़िया प्रदर्शन किया। बेस्ट रेडर प्रवीण और बेस्ट डिफेंडर वैभव रहे। संचालन मुनेंद्र मिश्र और अनस ने किया।


विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत। ● अमृत विचार

● तृतीय डॉ. सत्य प्रकाश श्रीवास्तव स्मारक कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

### एटीएम कार्ड बदलकर 55 हजार की ठगी

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** द्वारिकागंज चौकी क्षेत्र के कटका बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम में कार्ड बदलकर 55 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। डोडापुर कटका खानपुर निवासी विपिन शर्मा शनिवार को सेमरी मोड़ स्थित एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे खड़े दो अज्ञात युवकों ने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और कुछ ही मिनटों में खाते से कुल 55 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर निकासी के संदेश मिलने पर पीड़ित को ठगी का पता चला, जिसके बाद साइबर क्राइम थाने में सूचना दी गई। पुलिस एटीएम और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। वहीं, सीओ जयसिंहपुर ने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही एटीएम छिनैती की खबर गलत है। मामला कार्ड बदलकर ठगी का है, जिसकी जांच जारी है।

# सौहार्दपूर्ण होली मनाने की बनी रणनीति

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** आगामी होली पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए जेल रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में होलिकोत्सव समिति की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में जनपद की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर शांतिपूर्ण होली मनाने का संकल्प लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 मार्च को सुबह 8 बजे चौक स्थित घंटाघर से भगवान नरसिंह की शोभायात्रा आरती के साथ प्रारंभ होगी। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः घंटाघर पर समाप्त होगी। गाजे-बाजे, रंग-गुलाल और फूलों के साथ भगवान नरसिंह की झांकी निकाली जाएगी, जिसमें विभिन्न संस्थाओं एवं प्रबुद्धजन की भागीदारी रहेगी। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य होली पर्व की गरिमा बनाए रखना तथा फूहड़ता को समाप्त करना है। इस अवसर पर विभाग प्रचारक प्रकाश जी, डॉ. ए.के. सिंह, अजय गुप्ता, सुदीप पाल सिंह, डॉ. सुधाकर सिंह, डॉ. पवन सिंह, डॉ. आर.ए. वर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सीताशरण त्रिपाठी व अमर बहादुर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे


बैठक में शामिल लोग। ● अमृत विचार

● होलिकोत्सव समिति की बैठक में बनाई गई रूपरेखा

# पुलिस विभाग में फेरबदल, तीन निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने प्रशासनिक स्तर पर बदलाव किए गए हैं। तीन निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

साइबर मामलों के "सुपर कॉप" माने जाने वाले निरीक्षक आलोक कुमार सिंह से साइबर थाने का प्रभार हटा दिया गया है। अब उन्हें प्रभारी डीसीआरबी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, डीसीआरबी प्रभारी रहे इंस्पेक्टर अखंड देव मिश्रा को साइबर थाने का नया चार्ज सौंपा गया है।इसके अलावा प्रभारी सीसीटीएनएस इंस्पेक्टर विजय सिंह को प्रभारी आईजीआरएस का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। साथ ही कोतवाली नगर में तैनात उप निरीक्षक पंकज कुमार को अमहट चौकी इंचार्ज बनाया गया है। पुलिस लाइन में रहे आरक्षी अभिषेक, मोतिगरपुर में तैनात आरक्षी शैलेंद्र कुमार, हलियापुर में तैनात महिला आरक्षी खुशनुमा बानो को साइबर थाने पर तैनात किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह फेरबदल प्रशासनिक मजबूती और कार्यों के बेहतर संचालन को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

● आलोक कुमार से साइबर थाने का प्रभार लेकर डीसीआरबी की जिम्मेदारी दी गई

# रैली के जरिए सुभासपा का चुनावी शंखनाद

**संवाददाता, आजमगढ़।**

**अमृत विचार :** अहरौला विकास खंड के जनता इंटर कालेज के मैदान में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की ओर से आयोजित सामाजिक समरसता रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए सुभासपा की ओर से चुनावी शंखनाद का दावा किया। उन्होंने कहा कि एनडीए के समर्थन से इस बार सुभासपा आजमगढ़ की सभी 10 सीटें जीतकर दिखाएगी। ओमप्रकाश राजभर ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) फिर 2017 जैसी स्थिति में लौट जाएगी। ओपी राजभर ने कहा कि आज आजमगढ़ की धरती से एनडीए की सुभासपा वर्ष 2027 के चुनाव का शंखनाद कर रही है। रैली में उमड़ा भारी जनसमूह इस बात का गवाह बना कि अब सभी वर्गों में एकता और जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही रोहिणी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछड़े वर्ग के आरक्षण को सात, नौ और 11 तीन वर्गों में विभाजित कर लागू किया जाएगा।


कार्यक्रम को संबोधित करते ओमप्रकाश राजभर।


कार्यक्रम को संबोधित करते अनिल राजभर।

### आजमगढ़ की सभी सीटों पर खिलेगा कमल : अनिल राजभर

**आजमगढ़ ।** माहुल स्थित टिकरिया मैदान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'महाराजा सुहेलदेव राजभर जयंती समारोह' को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने विपक्ष और अपने ही गठबंधन के सहयोगियों पर तीखा हमला बोला। अनिल राजभर ने अपने एनडीए के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का नाम लिए बगैर उनके नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग महाराजा सुहेलदेव के नाम पर अपनी राजनीति चमका रहे हैं और समाज को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 2022 में भले ही आजमगढ़ में नतीजे हमारे पक्ष में नहीं रहे लेकिन 2027 में भाजपा यहां की सभी 10 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी और जिले में कमल खिलेगा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर, पूर्व मंत्री कृष्ण मुरारी, संदीप सिंह, सोनू, जिला अध्यक्ष ध्रुव सिंह मौजूद रहे

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के शुकुलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का उद्घाटन हर्ष महिला पीजी कॉलेज के प्रबंधक विकास शुक्ला द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान स्वयं सेविकाएं उत्साहपूर्वक मौजूद रहीं।

उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू पांडेय एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेखा तिवारी मौजूद रहीं। प्राचार्या डॉ. अंजू पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। उन्होंने छात्राओं से शिविर की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेखा तिवारी ने शिविर की रूपरेखा बताते हुए कहा कि इसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता जागरूकता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों सहित महाविद्यालय की डॉ. उषा दुबे, डॉ. रीमा मिश्रा, डॉ. वर्षा पांडेय, सपना मिश्रा, ममता, श्रुति पांडेय, राधा शुक्ला, शिवांगी मिश्रा, कोमल, राजेंद्र पांडेय, हौसिला प्रसाद तिवारी, नीलू मिश्रा एवं प्रगति सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# मन की बात ने जगाई विकास और एकता की अलख

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के नवीनतम एपिसोड ने जलालपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच नई ऊर्जा का संचार किया। शहर के विभिन्न बूथों पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री के विचारों पर चर्चा किया।

भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि जो नेता समाज के कल्याण के लिए काम करते हैं, वह हमेशा जनता के दिलों में बसे रहते हैं। मन की बात कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न मंडलों में मंडल अध्यक्ष सुभम पांडे, प्रवीण गौड़, सरिता निषाद, प्रभात जायसवाल और विनय सिंह के नेतृत्व में किया गया। अयोध्या प्रभारी डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी और नगर पंचायत अध्यक्ष किछौछा ओमकार गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को टांडा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत किछोछा के बूथ संख्या 318 पर पहुंचकर भाजपाईयों के साथ सुना।


कार्यक्रम को सुनते अयोध्या प्रभारी डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी और साथ में मौजूद ओमकार गुप्ता।

### कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित

विभिन्न बूथों पर आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार मिश्र, संजय सिंह, संजीव मिश्र, आशुतोष उपाध्याय, सुरेंद्र सोनी, डॉ. योगेश उपाध्याय, उत्तम उपाध्याय, अरुण मिश्र, मानिक चंद सोनी, गोलू जायसवाल, सुरेश गुप्त, कृष्ण गोपाल गुप्त, आनंद मिश्र, आशीष सोनी, अजीत निषाद, सोनू गौड़, सोनू गुप्ता, नृपेन्द्र कुशवाहा, शीतल सोनी, दुर्गेश अग्रहरि, डेविड गोरे, विक्की गौतम, शिवनाथ त्रिपाठी और मनीष सोनी सहित तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहायक है, बल्कि देशवासियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी प्रेरित करता है।

# जनपद में 1940 स्थलों पर होगा होलिका दहन, निकलेंगे 21 जुलूस

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जनपद में इस वर्ष होलिका दहन और जुलूसों के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जनपद में कुल 1940 स्थानों पर होलिका दहन होगा, जबकि 21 जगहों से जुलूस निकाले जाएंगे। त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने सुरक्षा चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों और अधीनस्थ कर्मचारियों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। सभी होलिका दहन स्थलों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन पूरा कर लिया गया है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि जिन स्थानों पर पूर्व में कोई विवाद रहा है, वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। जनपद में 10 से अधिक होलिका स्थल संवेदनशील चिह्नित किए गए हैं। जिनमें अकबरपुर, जलालपुर के वाजिदपुर और कादीपुर, टांडा के इल्तिफातगंज डॉ. बेलाल के आवास के निकट और अलीगंज का हंस तिराहा शामिल हैं। इन संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएंगे। होलिका दहन के दौरान आगजनी की किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड की गाडियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इसके साथ ही, बिजली विभाग को दहन स्थलों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एएसपी पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने बताया कि सभी होलिका दहन स्थलों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करा लिया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यदि पूर्व में किसी स्थान पर कोई विवाद रहा है, तो थानावार पीस कमेटी की बैठकें बुलाकर उसका समय पर निस्तारण कराया जा रहा है।

### शिविर में कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक



लोहिया भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की लाभार्थी को चेक देते प्रभारी जनपद न्यायाधीश राम बिलास सिंह व साथ में अन्य।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के आदेशानुसार आमजन के विधिक सशक्तीकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से वृहद विधिक सहायता सेवा शिविर, मेगा शिविर का आयोजन लोहिया भवन परिसर अकबरपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राम बिलास सिंह प्रभारी जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए शैलेश कुमार मौर्य की देखरेख में किया गया। एडीएम ज्योत्स्ना बंधु ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने पुलिस विभाग के अभियानों पर प्रकाश डाला, जबकि आलोक दत्त उपाध्याय ने विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी साझा की। भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया।

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत टांडा कोतवाली पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान रंगीलाल उम्र करीब 58 वर्ष पुत्र विदुर निवासी ग्राम मोहरिया पुंथर थाना कोतवाली टांडा के रूप में हुई है। गिरफता अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहा था। अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया गया है। दूसरे गिरफ्तार अभियुक्त का नाम जनार्दन यादव उम्र 58 वर्ष पुत्र सुभाष यादव निवासी ग्राम पैकोलिया थाना कोतवाली टांडा के रूप में हुई है। जनार्दन यादव विद्युत अधिनियम से जुड़े मामले में वारंटी था।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, चालक बचा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में बाइक को बचाने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चालक बाल-बाल बच गया। घटना जलालपुर-अकबरपुर रोड स्थित नवानगर के पास दोपहर करीब तीन बजे की है। बता दें कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के शहजादपुर निवासी हाजी नजरुल हक कार से अकबरपुर से जलालपुर की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह नवानगर के समीप पहुंचे, तभी अचानक एक बाइक उनकी कार के सामने आ गई। बाइक को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो गई और सडक़ किनारे लगे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

**निर्देश** | प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# जनगणना की तैयारियां समयबद्ध तरीके से करें पूर्ण : डीएम

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** भारत की जनगणना-2027 की प्रारंभिक तैयारियों के क्रम में जनपद स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जनपद के लिए चयनित जनगणना कार्य निदेशालय के प्रतिनिधियों, कार्मिकों की उपस्थिति रही।

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि जनगणना-2027 भारत की जनगणना श्रृंखला की 16वीं तथा स्वतंत्रता के पश्चात आठवीं जनगणना होगी। यह ग्राम, वार्ड और नगर स्तर पर उपलब्ध आधिकारिक आंकड़ों का एकमात्र विश्वसनीय स्रोत है, जो शासन की नीतियों, योजनाओं और संसाधनों के न्यायसंगत वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैठक में जनगणना कार्य निदेशालय के प्रतिनिधि कपिल कुमार पांडे सहायक निदेशक एवं अतुल सिंह एसआई द्वितीय द्वारा जनगणना अधिनियम, नियमों और कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जनगणना की समयावधि, जनगणना चार्ज निर्धारण, पदानुक्रम, जनगणना मेट्रिक्स, स्व-गणना की प्रक्रिया, गतिविधियों की निगरानी व्यवस्था, प्रगणक एवं सुपरवाइजर सहित अन्य कार्मिकों की भूमिका एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा जनपद स्तर पर की जाने वाली तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्व है, अतः सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपेक्षित तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पहली बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी, जिसमें नागरिकों के लिए स्व-गणना का भी प्रावधान रहेगा, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम शुक्ला, समस्त तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


जनपद स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 35 नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आगामी होली पर्व में विशुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ के सम्बन्ध में जागरूक कराए जाने और विशुद्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई मोबाइल प्रयोगशाला एफएसडब्ल्यू वैन के माध्यम से नगर पालिका परिषद अकबरपुर में खाद्य पदार्थो के कुल 35 नमूनों की जांच की गई। सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड-2 श्रवण कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पटेलनगर अकबरपुर में मिठाईयों के कुल 14 नमूने, भुना चना का 01 नमूना तथा मसाले के 05 नमूनों की जांच कराई गई। जांच किए नमूनों में स्टार्च की उपस्थिति के कारण मिठाई का 01 नमूना एवं मसाला का 01 नमूना मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। मौहरिया बाईपास अकबरपुर में खाद्य पदार्थ मिठाईयों के 05 नमूने, खाद्य तेल के 02 नमूने, दाल का 01 नमूना एवं फल के 03 नमूनों की जांच करायी गई। जांच में मिठाई का 01 नमूना मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। फव्वारा तिराहा शहजादपुर में सॉस के 02 नमूने, राइस बिरयानी, कबाब व खाद्य तेल के 01-01 नमूनों की जांच करायी गयी। जांच किये गये सभी नमूने मानक के अनुरूप पाए गए। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार वर्मा एवं ओम प्रकाश सम्मिलित रहें।

# जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष अधिवक्ता की मौत, दो घायल

## बैनामा व वरासत भूमि को लेकर चला आ रहा था विवाद, चार नामजद के खिलाफ केस दर्ज

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुदईपुरवा में रविवार सुबह जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत जोतने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में अधिवक्ता सुभाष मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। गांव में तनाव को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



सुभाष मिश्र (फाइल फोटो)



मौके पर तैनात पुलिस फोर्स। • अमृत विचार

ग्रामीणों के मुताबिक स्व. जगदम्बा मिश्रा ने अपनी नौ बीघा जमीन अपने भाई के पुत्रों सुभाष मिश्रा, दिनेश मिश्रा व अभय मिश्रा के नाम वसीयत की थी। कोरोना काल में उनकी मृत्यु के बाद जमीन उनकी पत्नी रामावती के नाम दर्ज हो गई। करीब दो वर्ष बाद रामावती से अरुण कुमार मिश्रा, हरीशरण मिश्रा व रामकेवल मिश्रा ने जमीन का बैनामा करा लिया। तभी से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। रविवार को अधिवक्ता सुभाष मिश्रा, अभय मिश्रा व दिनेश मिश्रा के पुत्र विश्वास मिश्रा खेत जोतने पहुंचे थे। आरोप है कि विपक्षी ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान कहासुनी के बाद दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में सुभाष मिश्रा, विश्वास मिश्रा, आकाश व अभय मिश्रा घायल हो गए। सभी को सीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में सुभाष, विश्वास व आकाश को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान सुभाष मिश्रा (67) की मौत हो गई। विश्वास मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने अरुण कुमार मिश्रा, हरीशरण मिश्रा, रामकेवल मिश्रा व संतोष मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सगा छोटा भाई अरुण मिश्र भी नामजद आरोपी है क्योंकि वसीयत में नाम उसका शामिल नहीं था तो उसने भूमि का बैनामा ले लिया था। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि पहले चार नामजद व कई अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। अब अधिवक्ता की मौत के बाद धाराएं बढ़ाई जाएंगी। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है।

# 21.47 करोड़ की बैंक जालसाजी में दो गिरफ्तार

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** जनपद में चर्चित 2147.78 लाख रुपये की बैंक जालसाजी व गबन प्रकरण में कोतवाली नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। इससे पूर्व तत्कालीन शाखा प्रबंधक की गिरफ्तारी हो चुकी है।

कोतवाली नगर पुलिस टीम ने बहराइच रोड स्थित बिमौर चौराहे से राघवराम पुत्र समयदीन निवासी बहलोलपुर थाना कोतवाली देहात तथा शिवाकान्त वर्मा पुत्र स्व. राजितराम वर्मा निवासी इमिलिया गुरुदयाल थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक 2 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की गोण्डा शाखा में ऋण वितरण के दौरान गंभीर अनियमितताओं की शिकायत दर्ज कराई गई थी। भारतीय रिजर्व बैंक में इम्पैनल्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट की स्पेशल ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि तत्कालीन शाखा प्रबंधक पवन कुमार पाल ने अन्य खाताधारकों के साथ मिलकर फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर ऋण स्वीकृत किए।

जांच में 205 खातों एवं पांच आंतरिक खातों से कुल 2147.78 लाख रुपये के दुर्विनियोग का मामला सामने आया, जिसमें 46.13 लाख रुपये आंतरिक खातों से गबन किए गए। इस मामले में पूर्व में शाखा प्रबंधक को 18 जनवरी 2026 को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। गिरफ्तारी टीम में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सभाजीत सिंह, उप निरीक्षक उदित कुमार वर्मा, कांस्टेबल अमित यादव व प्रभाकर यादव शामिल रहे।

## पात्रों को उनका हक दिलाना समाज की जिम्मेदारी



दिव्यांग को ट्राईसाइकिल देते जिला जज दुर्ग नरायन सिंह। • अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** समाज में अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति को उसका हक दिलाना व उसे उसके अधिकारों को पाने में मदद करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। उक्त बातें जिला जज दुर्ग नरायन सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वेंकटाचार्य क्लब के मैदान में आयोजित मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने जिला प्रशासन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए किये गये प्रयासों की सराहना की। अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र वंचित न रहने पाये। सिविल जज सीनियर डिवीजन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि एक हजार आठ सौ लोगों को आज इस मेगा कैंप में लाभान्वित किया गया है। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुनील कुमार पंचम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, अपर जिला जज राजेश कुमार तृतीय, नम्रता अग्रवाल, एसपी सिंह, विकास कुमार, मेगा कैंप के नोडल अधिकारी अपर जिला जज दानिश हसनैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित सिंह, रेलवे मजिस्ट्रेट अभिनव यादव, एसडीएम सदर अशोक कुमार गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रामचंद्र, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ की ब्लाक कार्यकारिणी के अध्यक्ष बने अमित



कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत करते साथी शिक्षक। • अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी का प्राथमिक विद्यालय गोशेंद्रपुर में गठन किया गया। निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि अमित कुमार अध्यक्ष, स्वामीनाथ उपाध्याय महामंत्री, कमल किशोर नरवरिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शुभम जायसवाल संयुक्त मंत्री, सोनू बघेल व रवि प्रताप उपाध्यक्ष तथा शुभम रस्तोगी, शैलेन्द्र शुक्ल, रंजीत व अभिषेक ओझा को संगठन मंत्री नामित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह, आशीष द्विवेदी जिलामंत्री, मोहित द्विवेदी ,विवेक कुमार तिवारी, जीलखेश्वरी प्रसाद वर्मा, जुग्गी लाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 2978 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस

संवाददाता गोंडा

• मतदेय स्थलों पर जुटे मतदाता नाम जुड़वाने व संशोधन के लिए दिये आवेदन

**अमृत विचार :** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जनपद के सभी 2978 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। अभियान के दौरान समस्त बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने अपने-अपने केंद्रों पर उपस्थित रहकर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त कीं।

यह विशेष अभियान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया गया। आयोग का उद्देश्य है कि सभी अर्ह नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावली में पंजीकृत हो तथा नाम, पता, आयु सहित अन्य प्रविष्टियों में विद्यमान त्रुटियों को संशोधित किया जा सके। साथ ही किसी भी अनर्ह व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न रहे, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। विशेष अभियान दिवस पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण किया। अधिकारियों ने बीएलओ द्वारा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से अपील की गई है कि जिन नागरिकों का नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा किसी प्रकार की त्रुटि है, वे निर्धारित अवधि में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर अपने नाम, पते व अन्य विवरण को सही कराएं, ताकि आगामी निर्वाचन में वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## किसान पर जंगली जानवर का हमला

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार:** इटियाथोक थाना क्षेत्र के जगतापुर के लोनपुरवा गांव में सिंचाई के लिए पंपिंग सेट चलाने जा रहे किसान पर जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर जंगली जानवर भाग निकला गया। घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। लोग बाघ की आशंका से खेतों की तरफ जाने से कतरा रहे हैं। वन कर्मियों ने घटना की जांच पड़ताल की है।

घायल किसान को इलाज लिए गोंडा मेडिकल में भर्ती कराया गया है। गांव के चैतू का बड़ा बेटा संजय (35) गेहूं की सिंचाई के लिए घर से पंपिंग सेट लेकर गेहूं के खेत पर गया था। संजय वहीं पंपिंग सेट चलाने जा रहा था।तभी किसी जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। वन रक्षक स्वामीनाथ वर्मा ने कहा कि जंगली सुअर का हमला हो सकता है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौके पर वन विभाग की टीम कांबिंग कर रही है।

# वजीरगंज में हुई चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज पुलिस व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने क्षेत्र के सर्राफा दुकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए 3 शातिर अंतर्जनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब साढ़े तीन किलो चांदी और बड़ी मात्रा में सोने के जेवर समेत नकदी बरामद की गयी है।

रविवार को पुलिस कार्यालय में एएसपी (पश्चिमी) राधेश्याम राय ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 13/14 फरवरी की रात वजीरगंज में विकास सोनी की सर्राफा दुकान का दरवाजा गैस कटर से काटकर चोरी की गई थी। एसपी विनीत जायसवाल ने 5 टीमों को खुलासे के लिए लगाया था। रविवार को दुर्जनपुर घाट के पास से घेराबंदी कर एक सफेद स्विफ्ट डिजायर कार को रोक कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से सामान भी बरामद किया गया है। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार चोरों की पहचान रामकृपाल चौहान (बहराइच), जगदम्बा चौहान (गोण्डा) और विवेक कुमार उर्फ बच्चन (श्रावस्ती) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 3 किलो 572 ग्राम चांदी व 6 अंगूठी, 6 नाक की कील और 2 जोड़ी कान की बाली बरामद हुई है। आरोपियों के पास से 21,450 रुपये भी मिले हैं। घटना में प्रयुक्त गैस कटर, सिलेंडर, कार और अन्य औजार बरामद किया गया। एएसपी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि वे एक गिरोह के रूप में काम करते हैं। जगदम्बा चौहान पहले दुकानों की रेकी करता था, जिसके बाद अन्य साथी गैस कटर लेकर पहुंचते थे। गैंग ने गोण्डा के नवाबगंज और बस्ती के गौर थाना क्षेत्र में भी सर्राफा दुकानों को निशाना बनाने की बात स्वीकार की है। मुख्य आरोपी रामकृपाल चौहान पर विभिन्न जनपदों में 15 से अधिक मामले दर्ज हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान सीओ आनंद राय, वजीरगंज के थानाध्यक्ष विपुल पांडे आदि मौजूद रहे।

## पुल निर्माण को छात्रों ने खून से लिखा पत्र

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार:** विसुही पुल निर्माण की मांग को लेकर राष्ट्रीय छात्र पंचायत का प्रदर्शन 16वें दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से पत्र लिखकर शीघ्र निर्माण की मांग की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने कहा कि प्रशासन की अनदेखी के कारण यह कदम उठाना पड़ा। चेतावनी दी कि जल्द निर्माण शुरू न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। अगर पुल का निर्माण जल्द से जल्द नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। भगवान चरण ओझा निवासी जयप्रभा ग्राम महाराजगंज ने बताया कि अगर पुल नहीं तो वोट नहीं। अगर इस पुल का नवनिर्माण जल्द नहीं कराया गया तो आंदोलन को बाध्य होंगे। इस अवसर पर सूरज शुक्ला, विकास द्विवेदी, शहजाद, अभिषेक तिवारी, अभिषेक मिश्र, दिलीप मिश्रा, महेश वर्मा, अभिषेक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## डिजिटल लिटरेसी प्रशिक्षण के नाम पर खानापूरी



सभागार में खाली पड़ीं कुर्सियां। • अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** कटरा बाजार क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत आयोजित डिजिटल लिटरेसी विषय पर प्रधानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को महज औपचारिकता बनकर रह गया। प्रशिक्षण स्थल पर एक भी प्रधान उपस्थित नहीं रहा। सभागार में खाली पड़ी कुर्सियां इस बात की गवाही दे रही थीं कि प्रशिक्षण के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। आरोप है कि विभाग केवल कागजी कार्रवाई पूरी कर बजट खर्च दिखा रहा है। प्रधान संघ अध्यक्ष उमापति त्रिपाठी ने इस मामले पर नाराजगी जताते हुए डीएम को पत्र लिखने की बात कही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे जनपद में प्रधानों के प्रशिक्षण के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं। प्रशिक्षक सभागार में प्रधानों के बजाय अन्य लोगों को बैठाकर फोटो खींचकर भेज देते हैं, जबकि अधिकांश प्रधानों को प्रशिक्षण की सूचना ही नहीं दी जाती। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों द्वारा केवल व्हाट्सएप पर सूचना भेजी जा रही है। प्रशिक्षक एल.पी. मिश्र व पूजा ने बताया कि वे प्रशिक्षण देने के लिए पहुंचे थे। उनके अनुसार पहले दिन कुछ प्रधान आए थे, लेकिन दूसरे दिन कोई उपस्थित नहीं हुआ। एडीओ पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानों को प्रशिक्षण की सूचना दी गई थी।

## छप्पर में आग लगने से नौ मवेश झुलसे, दो की मौत

**उपरसपुर, गोंडा, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत बहुवन मदार माझा के ठेकेदार पुरवा में अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग से मोटरसाइकिल, साइकिल, अनाज सहित गृहस्थी का सामान जल गया। आग की चपेट में आने से दो बछिया की मौत हो गयी जबकि कई मवेशी झुलस गए।

पीड़ित नंदलाल ने बताया कि उनके व उनके भाइयों के तीन से चार छप्पर एक दूसरे से सटे थे। उसमें सभी के 20 जानवर बंधे थे। शनिवार की शाम पशुओं के चारा के लिए वह खेत में गये तभी लगभग सात बजे अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लग गयी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड व डायल 112 भी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। छप्पर में लगभग 20 जानवर बंधे थे जिसमें कुछ जानवर रस्सी तोड़ कर बाहर आ गये, जबकि नौ मवेशी झुलस गये। गंभीर रूप से घायल दो बछिया की मौत हो गयी। कुसुम ने बताया किसे छप्पर में रखा अनाज, साइकिल चारपाई, सहित गृहस्थी का सारा सामान जल गया है।



सरयू के कछार पर पड़ताल करते नेचर क्लब के सदस्य। • अमृत विचार

## पर्यावरण प्रेमियों ने कछार क्षेत्र का शुरू किया अध्ययन

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र में बहने वाली सरयू नदी के कछार स्थित घास के मैदान (ग्रासलैंड) की जैवविविधता के अध्ययन के लिए रविवार को आठ किमी लंबी पदयात्रा निकाली गई। यात्रा का आयोजन नेचर क्लब फाउंडेशन की ओर से किया गया। यात्रा में शामिल वरिष्ठ पर्यावरण कार्यकर्ता भास्कर दीक्षित ने बताया कि सरयू नदी के भीतर जलीय जैवविविधता और नदी के कछार में पाई जाने वाली स्थलीय जैवविविधता का समृद्ध भंडार है, जिसे सहेजने की आवश्यकता है। अभिषेक दुबे ने कहा कि कछार में मौजूद घास के मैदानों की प्रजातियों का दस्तावेजीकरण कर संरक्षण अभियान को गति दी जाएगी। टीएसए इंडिया के हर्षित सिंह ने कहा कि नदी और उसकी जैवविविधता के संरक्षण के लिए कछार क्षेत्र का सुरक्षित रहना नितांत आवश्यक है। अध्ययन के दौरान करीब 25 प्रकार के पक्षी, इंडियन हॉग डियर, दर्जनों प्रजाति के पेड़-पौधे व विभिन्न प्रकार की घासों को रिकार्ड किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र की जैवविविधता संरक्षित रह सके और युवाओं को प्रकृति संरक्षण से जोड़ा जा सके। टीएसए इंडिया, नेचर क्लब गोंडा, आज़ाद युवा विकास फाउंडेशन आदि संस्थाओं द्वारा पिछले आठ वर्षों से सरयू नदी स्वच्छता अभियान भी संचालित किया जा रहा है। इन प्रयासों से नदी और उसकी पारिस्थितिकी के संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं।

## राष्ट्रीय पक्षी का रेस्क्यू, युवक की तत्परता से बची जान

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मंहगूपुर गांव स्थित माला बगिया के पास रविवार दोपहर आवारा कुत्तों के झुंड ने राष्ट्रीय पक्षी मोर पर हमला कर दिया। हमले में मोर घायल हो गया और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

इसी दौरान इंदरपुर निवासी रविन्द्र वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने साहस और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कुत्तों को भगाया और घायल मोर को सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया।

इसके बाद वह मोर को लेकर सीधे नवाबगंज थाने पहुंचे और पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने राष्ट्रीय पक्षी की प्राण रक्षा करने वाले युवक की सराहना करते हुए शाबाशी दी।

उन्होंने बताया कि मोर के उपचार के लिए पशु चिकित्सक को सूचना दे दी गई है। साथ ही वन विभाग को भी घटना से अवगत करा दिया गया है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। स्थानीय लोगों ने युवक के इस मानवीय कदम की प्रशंसा की है।

# पिता-पुत्र ने बिजलीकर्मियों को पीटा, मुकदमा दर्ज

धानेपुर, गोंडा

• बिल बकाया होने के कारण केबल काटने पर किया हमला

**अमृत विचार :** बिजली बिल बकाया होने पर कनेक्शन की केबल काटे जाने से नाराज बाप बेटे ने बिजली विभाग की टीम पर हमला कर दिया। मामले में अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मेहनौन उपकेंद्र के अवर अभियंता अवनीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि विभाग की ओर से बकाया बिजली बिल जमा कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बकायेदार उपभोक्ताओं को आकर्षक छूट का लाभ देने के लिए गांव-गांव कैंप लगाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और पात्र उपभोक्ताओं से दो हजार रुपये पंजीकरण शुल्क जमा कराया जा रहा है।

इसी क्रम में 18 फरवरी को श्रीनगर फीडर के अंतर्गत संविदा कर्मचारी सुरेंद्र तिवारी, अतुल सिंह, सुभाष दूबे व शिव प्रसाद शुक्ला ने लालपुर गांव में कैंप लगाया था। वहां निर्मला देवी के नाम से संचालित बिजली कनेक्शन पर 92,649 रुपये बकाया पाए गए। पंजीकरण शुल्क जमा न करने पर टीम ने कनेक्शन की केबल काट दी और पास के गांव में कैंप के लिए रवाना हो गई।

आरोप है कि दोपहर करीब ढाई बजे अंगद तिवारी और उनके बेटे अमन तिवारी मौके पर पहुंचे और अपशब्द कहते हुए बिजली कर्मियों के साथ मारपीट की। साथ ही सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए देख लेने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि अंगद तिवारी व उनके पुत्र अमन तिवारी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## नहर की पटरी टूटने से कई एकड़ फसल जलमग्न

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** कटरा बाजार क्षेत्र में सरयू नहर की नकही रजबहा की दक्षिणी पटरी कई स्थानों पर कट जाने और साइफन टूटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। लालपुर गांव व नकहा गांव के बॉर्डर के पास हुए कटान से सिंहपुर, लालपुर और नकहा गांव के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सिंहपुर गांव के कई किसानों ने गन्ने की बुआई के लिए खेत तैयार कर रखा था, लेकिन अचानक हुए जलभराव से बुआई का कार्य प्रभावित हो गया। किसान जोगेंद्र ने बताया कि गन्ने की बुआई के लिए खेत पूरी तरह तैयार था, लेकिन सुबह खेतों में पानी भरा मिला। किसान रामदर्शन, रामबाबू, पारस नाथ सहित अन्य किसानों ने बताया कि सरसों और गेहूं की खड़ी फसल में जरूरत से ज्यादा पानी भर गया है, जिससे फसल खराब होने लगी है। सरयू नहर के अवर अभियंता दिब्य मणि मिश्र ने बताया कि नहर में रिसाव और साइफन टूटने की सूचना मिलने पर मौके पर मिट्टी डालकर पानी का बहाव अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। नया साइफन बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।



नहर की पटरी टूटने के कारण खेतों में भरा पानी। • अमृत विचार

## विधायक अजय सिंह को बधाई पत्र सौंप जताया आभार



विधायक को धन्यवाद पत्र सौंपते शिक्षामित्र। • अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को परसपुर के कंड़रू में विधायक कैम्प कार्यालय पर करनैलगंज विधायक अजय सिंह को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को संबोधित धन्यवाद ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मानदेय बढ़ोतरी व कैशलेस इलाज सुविधा के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया है। शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा ने बताया कि लगभग डेढ़ लाख शिक्षामित्र आर्थिक व मानसिक संकट झेल रहे थे और अब तक 5,000 से अधिक शिक्षामित्रों की मृत्यु भी हो चुकी है। मुख्यमंत्री द्वारा विगत वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर मानदेय वृद्धि, कैशलेस इलाज व महिला शिक्षामित्रों के पति के निवास स्थान पर स्थानांतरण की घोषणा की गई थी। सरकार ने घोषणा को लागू करते हुए स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू कर दी है तथा पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज सुविधा प्रभावी हो गई है। विनोद कुमार , महेंद्र प्रताप सिंह, शिव किशोर, धनश्याम सिंह, कन्हैया बक्स सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री व जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

छायी खुशी

सीएम योगी आदित्यनाथ का जताया आभार, बोले- अब सुधरेगी आर्थिक स्थिति

# 10 साल बाद मिला बढ़े मानदेय का तोहफा, गदगद हुए शिक्षामित्र

**गोंडा, अमृत विचार :** समायोजन रद्द होने के 10 वर्ष बाद प्रदेश भर के शिक्षामित्रों के चेहरे आखिरकार खिल उठे। वर्षों की प्रतीक्षा, संघर्ष और आंदोलनों के बाद जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये करने की घोषणा की, तो मानो उनके जीवन में नई उम्मीद का सूरज उग आया। लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे शिक्षामित्रों ने इसे "देर से मिला लेकिन दिल को सुकून देने वाला फैसला" बताया है।



शिवकुमार शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष।



अवधेश मणि मिश्रा, जिलाध्यक्ष।



शिवमूर्ति पांडेय, जिला मंत्री।

शिक्षामित्रों का कहना है कि बीते दस वर्षों में उन्होंने कठिन दौर देखा। महंगाई के इस समय में मात्र 10 हजार रुपये में परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना बेहद चुनौतीपूर्ण था। कई बार राजधानी में आंदोलन हुए, ज्ञापन दिए गए, आश्वासन भी मिले, लेकिन राहत का ठोस निर्णय अब जाकर सामने आया है। ऐसे में 8 हजार रुपये की वृद्धि उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं मानी जा रही। प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला ने कहा कि यह निर्णय शिक्षामित्रों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा और उनके आत्मसम्मान को भी बढ़ाएगा। जिलाध्यक्ष अवधेश मणि मिश्रा ने भावुक होते हुए कहा कि सरकार ने आखिरकार उनकी पीड़ा को समझा। उन्होंने कहा कि कम मानदेय में परिवार चलाना कितना कठिन होता है, यह वही जानता है जो इस परिस्थिति से गुजरता है। शिवमूर्ति पांडेय ने भी "थैंक यू योगी जी" कहते हुए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। शिक्षामित्रों ने बताया कि इससे पूर्व सरकार ने कैशलेस इलाज की सुविधा की घोषणा भी की थी, जिससे उन्हें कुछ राहत मिली थी। अब मानदेय वृद्धि के निर्णय ने उनके मन में नई ऊर्जा का संचार किया है। अभिमन्यु मिश्र, राम प्रकाश, तिलक राम वर्मा समेत विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह फैसला उनके लंबे संघर्ष का सकारात्मक परिणाम है। हालांकि शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री से अपनी अन्य लंबित मांगों पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की अपील की है।

## मानदेय वृद्धि पर खुशी, पर 25 हजार की मांग बरकरार

**गोंडा, अमृत विचार :** जूनियर विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा के बाद अनुदेशकों में खुशी की लहर है। लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग कर रहे अनुदेशकों ने इसे अपनी आंशिक जीत बताया है। अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष अजय सिंह का कहना है कि वर्तमान महंगाई दर, पारिवारिक जिम्मेदारियों और जीवन-यापन की बढ़ती लागत को देखते हुए यह राशि पर्याप्त नहीं है। अनुदेशक संदीप शुक्ला का तर्क है कि निजी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को इससे अधिक वेतन मिलता है, जबकि सरकारी विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशक भी समान रूप से शिक्षण कार्य का दायित्व निभाते हैं। अनुदेशक संघ ने सरकार से मांग की है कि मानदेय को न्यूनतम 25 हजार रुपये किया जाए और भविष्य में महंगाई के आधार पर नियमित बढ़ोतरी की व्यवस्था की जाए। फिलहाल मानदेय वृद्धि की घोषणा से जहां एक ओर खुशी है, वहीं बेहतर आर्थिक सुरक्षा की मांग को लेकर अनुदेशकों की कसक अभी बरकरार है।



अजय सिंह।



संदीप शुक्ला।

# 1805 पोलिंग बूथों पर चला विशेष अभियान

## डीएम ने तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र के तीन बूथों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का लिया जायजा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रविवार को चारों विधानसभा क्षेत्रों के 1805 मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारीनिर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने मतदाताओं से दावे और आपत्तियां प्राप्त कर मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया संचालित की।

प्रत्येक बूथ पर बीएलओ निर्धारित समय पर उपस्थित रहे और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन संबंधी कार्य किए। फॉर्म-06 सहित सभी आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराए गए, जिससे मतदाताओं को आवेदन करने में सुविधा रही। सहायता काउंटर के माध्यम से लोगों को आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर विवरण सत्यापित कराने के लिए प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने विधानसभा तुलसीपुर क्षेत्र के बूथ संख्या 90 उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुरा तथा बूथ संख्या 177 से 180 उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगराकोहल का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति जानी। उन्होंने फॉर्म-06 के संकलन और दावों-आपत्तियों की समीक्षा कर पारदर्शिता के साथ कार्य संपन्न कराने के निर्देश दिए।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मतदाता विवरण की जांच कर आवश्यक संशोधन समय से कराएं, ताकि निर्वाचन नामावली शुद्ध और अद्यतन बन सके।



मतदाता पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

### एसआईआर अभियान में जुटी सपा

**बलरामपुर अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता जनपद में सक्रिय हैं। इसी क्रम में बीएलए व पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा ने विधानसभा गैंसड़ी क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय तुरकौलिया का दौरा कर मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बैठक कर विभिन्न ग्राम सभाओं के उन मतदाताओं की समस्याओं का निस्तारण कराया, जिन्हें नोटिस प्राप्त हुआ था। साथ ही लोगों से अधिक से अधिक फार्म-6 भरकर पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की अपील की। परशुराम वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने नाम जोड़ने, संशोधन एवं विलोपन की प्रक्रिया समय से पूरी करने पर जोर दिया। इस दौरान सीमा देवी, अकबर अली, विजय पासवान, अमीन व अनीस मौजूद रहे।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बालक झुलसा

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** एक गांव में घर के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक बालक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ स्थित केजीएमयू रेफर किया गया है। शनिवार को पिंगल थारू के घर की छत पर बालक सुमेंदर का हाथ ऊपर से गुजर रहे नंगे हाईटेंशन तार से छू गया, जिससे वह झुलसकर छत से नीचे गिर पड़ा। प्रधान विश्राम चौधरी का आरोप है कि क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से विद्युत लाइन की समस्या बनी हुई है। उन्होंने पांच फरवरी को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आबादी से हटाकर लाइन शिफ्ट कराने की मांग की थी। इसके बावजूद 11 फरवरी से तारों को घरों के समीप खींच दिया गया।

### संस्थापक सप्ताह का आगाज : रंगोली, श्लोक व नृत्य प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं की दिखी प्रतिभा



विजयी प्रतिभागियों के साथ निर्णायक मंडल के सदस्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह का शुभारंभ रविवार को हुआ। पहले दिन रंगोली, संस्कृत श्लोक एवं एकल नृत्य प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह एवं सांस्कृतिक निदेशक प्रो. रेखा विश्वकर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने कहा कि प्रतियोगिता में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण प्रतिभा का प्रदर्शन है। रंगोली प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के सुरेन्द्र यादव प्रथम, रजनी यादव द्वितीय व शगुन यादव तृतीय रहीं। संस्कृत श्लोक में नितिन त्रिपाठी प्रथम, शिखा पाण्डेय व शगुन संयुक्त द्वितीय रहे। एकल नृत्य में शिखा पाण्डेय व प्रिया कश्यप संयुक्त प्रथम, मुस्कान सोनी द्वितीय रहीं, जबकि छात्र वर्ग में अल्ताफ रजा प्रथम रहे। संचालन अतुल मिश्र व अनिल पाण्डेय ने किया।

# मानदेय वृद्धि से शिक्षामित्रों में खुशी की लहर

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में हुई बढ़ोतरी के बाद जिले में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। 1 अप्रैल से शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह तथा अनुदेशकों का 9 हजार से बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने के निर्णय के बाद संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और शिक्षामित्रों ने इसे बड़ी राहत बताया है।

आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले नार्मल स्कूल परिसर में जिलाध्यक्ष राकेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षामित्रों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान तालियों की गूंज के बीच फैसले को ऐतिहासिक बताया गया। जिला सह प्रवक्ता अरुण सिंह ने कहा कि महंगाई के इस दौर में मानदेय वृद्धि से शिक्षामित्रों को आर्थिक संबल मिलेगा और उनका मनोबल भी मजबूत होगा।

जिलाध्यक्ष राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने से शिक्षामित्रों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री जितेंद्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह, जिला प्रवक्ता तिलक राम, ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीपुर अब्दुल्ला, श्रीदत्तगंज के सत्यनारायण वर्मा, रेहरा बाजार के विजय प्रकाश जायसवाल, बलरामपुर ब्लॉक अध्यक्ष अजय पासवान, साहिल कुमारी, शोभाराम, राजेश दुबे, संतोष कुमार मिश्रा, हरीराम जायसवाल, शिव प्रकाश, राजेंद्र प्रसाद वर्मा के साथ ही रामकुमार यादव, सीमा देवी, मनोज वर्मा, सुनीता चौहान और प्रमोद तिवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।



एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताते शिक्षामित्र। ● अमृत विचार

## 4170 किसानों को 46 लाख से अधिक की क्षतिपूर्ति

**बलरामपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले के 4170 किसानों को राहत राशि का लाभ मिला है। बीमा दावों के निस्तारण के बाद कुल 46,18,357 रुपये की धनराशि किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ के संबोधन का प्रसारण सुनने के लिए विकास भवन सभागार में व्यवस्था की गई थी, जहां बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त ने बताया कि प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से फसल क्षति होने पर बीमा कंपनी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत किसानों को क्षतिपूर्ति दी जाती है। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर आय में वृद्धि करने का आह्वान किया।

उप निदेशक कृषि श्याम नारायण राम ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि समय पर पंजीकरण और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने से किसानों को त्वरित लाभ मिल सकता है। इस दौरान फसल बीमा कंपनी इफ्को टोकियो की ओर से मनोज कुमार वर्मा को 4387 रुपये, सुरेशधर को 33,712 रुपये और अब्दुल रहमान को 933 रुपये की क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रबंधक विनोद कुमार एवं जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मेगा विधिक सेवा शिविर में उमड़ा जनसैलाब



लाभार्थी को योजना का लाभ प्रदान करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला पंचायत भवन सभागार में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी एवं जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में न्यायपालिका और जिला प्रशासन के समन्वय से हजारों ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विधिक परामर्श तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने नि:शुल्क जांच व दवा वितरण किया, जबकि वन विभाग ने सामाजिक वानिकी के तहत फलदार पौधे वितरित किए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल प्रदान की गई। कौशल विकास एवं जिला कारागार द्वारा निर्मित अगरबत्तियों का स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। शिविर में मुख्यमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी, कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, विधवा पेंशन व स्पॉन्सरशिप योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव यशपाल वर्मा ने किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



बहू-बेटी सम्मेलन में मौजूद महिलाएं व पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### बहू-बेटी सम्मेलन में किया गया जागरूक

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत रविवार को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में "बहू-बेटी सम्मेलन" आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम एवं एंटी रोमियो टीम ने गांव-गांव और कस्बों में पहुंचकर संवाद स्थापित किया। कोतवाली उतरौला के ग्राम बनिया भारी, ललिया के भवनियापुर, गौरा चौराहा के आबर, महराजगंज तराई के कनहरा, रेहरा बाजार के किशुनपुर, कोतवाली नगर के फिरोजपुर, श्रीदत्तगंज के शुक्लागंज, हर्रैया के बनकटवा, कोतवाली देहात के चकवा, सादुल्लानगर के पतकरपुर, गैसड़ी के सुगांव, जरवा के हलौरा तथा तुलसीपुर के पुरुषोत्तमपुर में सम्मेलन आयोजित किए गए। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, ग्राम प्रधानों और स्थानीय महिलाओं की उपस्थिति में पंपलेट वितरित किए गए।

## चोरी का खुलासा बाल अपचारी संरक्षण में

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** उतरौला पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व मे गत शनिवार को पुलिस ने थाना कोतवाली उतरौला पर पंजीकृत मामले में कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार उसके कब्जे से सफेद धातु की एक जोड़ी पाजेब, एक हथफूल, एक पायल, एक जोड़ी बिछिया, पांच अंगुलियों वाला हथफूल, एक जोड़ी चौड़ी पायल, पीली धातु का एक छपका, पांच पर्स तथा बच्चों के खेलने वाली लोहे की पिस्तौल बरामद की गई।

# क्यूआर कोड से बढ़ेगी पंचायतों की आय

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर में पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पंचायती राज विभाग ने नई पहल शुरू की है। जिले की ग्राम पंचायतों के स्वस्त्रोत राजस्व खातों को क्यूआर कोड से लिंक कर दिया गया है, जिससे विभिन्न सेवाओं के शुल्क का भुगतान डिजिटल माध्यम से सीधे पंचायत के बैंक खाते में पहुंचेगा।

जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने बताया कि सभी 793 गांवों में तैनात ग्राम पंचायत सचिवों को क्यूआर कोड उपलब्ध करा दिए गए हैं। अब ग्रामीण आय, जाति, निवास सहित अन्य प्रमाण पत्रों के शुल्क का भुगतान आसानी से क्यूआर स्कैन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन, कूड़ा प्रबंधन केंद्र और पंचायत सचिवालय समेत चिन्हित सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी जिला परियोजना प्रबंधक संदीप कश्यप को सौंपी गई है। विभाग का मानना है कि इस पहल से पंचायतों की आय में वृद्धि के साथ पारदर्शिता और सुगमता भी सुनिश्चित होगी।



ग्राम पंचायतों के लिए क्यूआर कोड जारी करतीं डीपीआरओ। ● अमृत विचार

### रिटायर प्रधानाध्यापक की पत्नी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के पहली गांव निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पृथ्वीराज पांडेय की 90 वर्षीय पत्नी इंद्रावती पांडेय का निधन हो गया था। उनके निधन से गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में देर शाम मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री पैतृक आवास पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर सांत्वना दी तथा कहा कि स्व. इंद्रावती पांडेय का जीवन सादगी, सेवा और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक रहा। सभा में प्रधान बैजलपुर अजय पाठक, अजय पांडेय, दिनेश पांडेय, बब्लू पांडेय, देवीप्रसाद दुबे, इलियास, विनोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे, जनार्दन प्रसाद तिवारी, प्रधान गढ़ी चंचल सिंह, समाजसेवी विपिन सिंह, पंडित अशोक, प्रेमप्रकाश भारती, सुनील चौबे, घनश्याम मिश्रा, सतेंद्र श्रीवास्तव, इंद्रेश मिश्रा, संतोष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**श्री राघव कॉलेज ऑफ़ लॉ एंड लीगल स्टडीज**
**खेमीपुर निधियावां, तारुन अयोध्या (उ0प्र0)**

आवश्यकता है

प्रवक्ता विधि- 12 पद

उक्त पदों हेतु यूजीसी/बीसीआई/डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार अर्ह अभ्यर्थी इस विज्ञप्ति के प्रथम प्रकाशन के 21 दिन के भीतर अपना आवेदन स्व प्रमाणित योग्यता प्रमाण पत्रों के साथ उपरोक्त पते पर 100.00 रुपए का बैंक ड्राफ्ट सहित प्रेषित करें।

प्रबंधक- 8009538258 ,6394721021

# बिना पार्किंग के खुला माल, आमजन बेहाल

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर के व्यस्ततम माने जाने वाले गुरु नानक चौराहा के पास हाल ही में खुले एक निजी शोरूम ने यातायात व्यवस्था की पोल खोल दी है। शोरूम के सामने पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके चलते आए दिन सड़क पर जाम की स्थिति बन रही है। प्रशासन की अनदेखी के चलते आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शोरूम में खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहक अपनी बाइक और अन्य वाहन सड़क किनारे ही खड़े कर देते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई आधी रह जाती है और आवागमन बाधित होता है। सुबह और शाम के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब कार्यालय व स्कूल से लौटने वाले लोगों की भीड़ बढ़ जाती है। कई बार एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। राहगीरों ने आरोप लगाया कि भवन निर्माण के समय पार्किंग मानकों की अनदेखी की गई, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने आंखें मूंदे रखीं। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए या फिर सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अधिवक्ता दीनानाथ त्रिपाठी कहते हैं कि बिना पार्किंग के माल का खुलना प्रशासन के लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि पूरी सड़क पर बाइक का कब्जा हो जाता है। आने जाने वाले लोग परेशान होते हैं। प्रशासन जाम की समस्या को गंभीरता से ले और आमजन को जाम की समस्या से निजात दिलाये।



गुरुनानक चौराहे पर मुख्य मार्ग पर खड़े वाहन। ● अमृत विचार



राप्ती घाट की सफाई करते संत निरंकारी मिशन के लोग। ● अमृत विचार

### संत निरंकारी मिशन ने की राप्ती घाट की सफाई

**बलरामपुर, अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना की शुरुआत की गई है। मिशन की संरक्षिका सुदीक्षा के निर्देश पर चल रहे इस अभियान के तहत सिसई स्थित राप्ती घाट पर विशेष सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिशन के सेवादल के सदस्यों ने घाट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। जिला प्रमुख राम अवतार ने कहा कि स्वच्छ जल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक सोच के लिए भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के समापन पर लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूड़ी-सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

कार्यक्रम | इमलिया कोड़र में 'थारू न्याय पत्र' का भव्य विमोचन, अधिकार जागरूकता का आह्वान

# थारू समाज को हक के लिए संगठित रहना होगा : चौधरी

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** थारू जनजाति संग्रहालय इमलिया कोड़र में 'थारू न्याय पत्र' पुस्तक का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य थारू समाज को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और न्याय की दिशा में संगठित प्रयासों को बल देना रहा।

समारोह में मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बहादुर चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि थारू समाज को अपने अधिकारों के प्रति सजग और संगठित रहना होगा। यह न्याय पत्र समाज को जागरूक करने और हक की लड़ाई में मार्गदर्शन देने का कार्य करेगा। प्रधान कोहरगड्डी नीलम चौधरी ने कहा कि लंबे समय से थारू समाज उपेक्षा का शिकार रहा है, लेकिन अब एकजुट होकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करने का समय है। कृष चौधरी द्वारा लिखित एवं संकलित 'थारू न्याय पत्र' का समारोह में उपस्थित लोगों को निशुल्क वितरण किया गया। दो दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री चंद्र राम चौधरी, ओपी राना, राकेश चौधरी, भरत चौधरी, अर्जुन प्रसाद राना, मंगल प्रसाद थारू, राम सुंदर थारू, श्वेता चौधरी आदि मौजूद रहे।



थारू न्याय पत्र के साथ अधिकारों की रक्षा का संकल्प लेते थारू समाज के लोग। ● अमृत विचार

### पांच लाभार्थियों के खाते से निकाला पैसा

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** परसदा गांव निवासी आशा कार्यकत्री के पास एक फोन आया। आशा से लाभार्थी का खाता नंबर भेजने को कहा गया। आशा कार्यकत्री संजू तिवारी ने बताया कि फोन रिसीव करने पर कहा कि डा. दीपक शर्मा बोल रहा हूं। आपके यहां कितने लाभार्थी हैं जिनके एक ही बच्चे हैं उन सभी लोगों का बयौरा भेजो क्योंकि सरकार की तरफ से उनके खाते में पैसा भेजना है। इसलिए तत्काल ब्यौरा उपलब्ध करायें। जिस पर पांच लाभार्थियों का ब्यौरा भेजा जिसमें दो लोगों के खाते से पांच हजार रुपए कट गए। तीन लोगों ने फोन रिसीव ही नहीं किया। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि आशा कार्यकत्री की शिकायत पर जांच की जा रही है।

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम विटान देवी VITAN DEVI दर्ज है। जो कि शुद्ध व सही है। जब कि मिनी शीट रोल में मेरा गलत नाम बिटान देवी BITAN DEVI दर्ज हो गया। मेरा शुद्ध व सही नाम विटान देवी VITAN DEVI ही माना जाए। **विटान देवी पत्नी अनुरुद्ध सिंह निवासी-ग्राम बलेथा, कोढ़वा, तहसील मैथा, जिला- कानपुर देहात।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा सही नाम यशवर्धन शिवहरे है। मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में यशवर्धन है। यशवर्धन शिवहरे और यशवर्धन दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे यश वर्धन शिवहरे के नाम से जाना जाए। **यशवर्धन शिवहरे पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी- मियांपुरा, राठ (हमीरपुर) उप्र**

**सूचना**
पहले मेरा नाम SAHADAT HUSAIN था अब मैने बदलकर अपना नाम SAHADAT HUSSAIN रख लिया है भविष्य में मुझे SAHADAT HUSSAIN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-ALI HUSSAIN R/O- MOHALLA THOK POST- MISRIKH, SITAPUR

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि में NAFEES AHMAD NADWI से अपना नाम बदलकर NAFEES AHMAD रख लिया हैं अब मैं मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना हुआ पहचाना जाए। S/O RAHEEM BAKHS निवासी बख्स बसवारी औरनी कौसम्बी का रहने वाला हूँ।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **कमाल अहमद पुत्र स्व. अली अहमद निवासी मोहल्ला हैदरगंज कस्बा मौदहा जिला हमीरपुर** अपने पुत्र इम्तियाज़ अहमद पुत्रवधु शमा बानो से उनके झगड़ालू स्वभाव और अनैतिक कार्यो से अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूँ। इनके द्वारा किए गए नैतिक या अनैतिक कार्यो व लेनदेन के यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा या मेरे संबंधियों का कोई इनसे संबंध नहीं होगा।

**सूचना**
मैं **रामसहेली पत्नी रामजीवन, निवासी- 19 बाजार टोला बेनीगंज देहात जिला हरदोई,** मेरे पैन कार्ड जिसका नं0 JFSPS5386K में सावित्री अंकित है। जोकि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामसहेली अंकित है। जोकि सही है। अतः मेरे उक्त पैन कार्ड में आधार कार्ड के अनुसार रामसहेली नाम अंकित किया जाए। रामसहेली व सावित्री एक ही महिला के नाम है तथा दोनों नाम मेरे ही है।

**न्यूज ब्रीफ**

## रोजगार मेले में 12 अभ्यर्थी चयनित

**श्रावस्ती :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिनगा में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से विभिन्न कम्पनियों की ओर से 12 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिनगा के प्रधानाचार्य वीके गुप्ता ने बताया कि संस्थान में आयोजित रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में हीरो मोटोकार्प नीमराना, अलवर, राजस्थान कम्पनी द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में कुल 25 अभ्यर्थी शामिल हुए। जिसमें कम्पनियों की ओर से साक्षातकार के माध्यम से 12 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि अप्रेन्टिसशिप मेला युवा वेरोजगारों को रोजगार महैया कराने का बड़ा माध्यम है।

## बेकाबू बाइक गड्ढे में गिरी, एक घायल

**श्रावस्ती :** भिनगा नगर के पुरानी बाजार निवासी असलम (50) पुत्र अब्दुल्ला रविवार सुबह बाइक से किसी काम से बहराइच गया था। काम निपटाकर वह वापस घर लौट रहा था। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के जरकुसहा गांव के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में असलम गंभीररूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने उसे उठाया और एम्बुलेंस को सूचित किया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से घायल को जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## महिलाओं को पुलिस ने किया जागरूक

**श्रावस्ती :** मिशन शक्ति के तहत पुलिस महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। इसी के क्रम में पुलिस ने एसपी राहुल भाटी के निर्देश में गावो में चौपाल आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर सुरक्षा का टिप्स दिया। इस दौरान थानों की मिशन शक्ति टीमों व शक्ति मोबाइल टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्हें सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

## मन की बात में बोर्ड परीक्षा की हुई चर्चा

**श्रावस्ती :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 132वें संस्करण को रविवार जिले के सभी बूथों पर सुना गया। मन की बात के जिला प्रवासी पूर्व प्रत्याशी कैसरगंज सहित जिलाध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 131वें संस्करण को जिलाध्यक्ष डॉ मिश्रीलाल वर्मा ने तुलसीपुर के सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान में सुना। यहां सेंकडो छात्र छात्राओं ने जिला प्रवासी गौरव वर्मा सहित मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। कार्यक्रम समापन के बाद जिला प्रवासी ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत मे आयोजित हुई ऐतहासिक एआई की चर्चा से अपने उध्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एआई के माध्यम से कैसे 24 घण्टे विभिन्न कार्यक्रमों तथा जानवरों की चिकित्सा में सहयोग मिल सकता है, इसके बारे में बताया। साथ ही भावुक और गौरवान्वित करने वाला सबसे कम उम्र की अंग डोनर आलिन शेरीन अब्राहम की भी चर्चा की जिनके माता पिता ने बच्ची देहांत के बाद उनके अंग दान करने का निर्णय लिया। यह समुची मानव जाति को प्रेरणा देने का कार्य है।

# आपसी सौहार्द के साथ मनाएं होली व रमजान

## आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में उपजिलाधिकारी ने लोगों से की अपील

**कैसरगंज (बहराइच)**


शांति समिति की बैठक को संबोधित करते एसडीएम व मौजूद पुलिस अफसर।

**अमृत विचार।** आगामी होली, रमजान एवं ईद-उल-फितर पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर कैसरगंज में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने किया। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, सभासद एवं प्रतिनिधि प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीएम ने लोगों से आपसी सौहार्द के साथ होली व रमजान का पर्व मनाए जाने की अपील की।

बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष चौकसी, जुलूस मार्गों के सुव्यवस्थित निर्धारण, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई व्यवस्था तथा अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण जैसे अहम मुद्दों पर गहन विमर्श हुआ। उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि होली सामाजिक समरसता और उल्लास का प्रतीक है, वहीं रमजान आत्मसंयम, त्याग और आध्यात्मिक साधना का पवित्र अवसर है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सभी पर्व पारस्परिक सम्मान, प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना से सतर्क रहें। क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। थाना अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने आमजन से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, विवाद या अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस बैठक में मौलाना खालिद, हीरालाल मौर्य, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार धवन, राजेश कुमार मिश्रा, आवेश अहमद, सैफ मलिक अन्ना, इस्लामुद्दीन पप्पू प्रधान, अब्दुल वहीद, मोहम्मद सैफ, अब्दुल मुकीद उपस्थित रहे।

**नई परंपरा से बचने की अपील की गई, नवाबगंज:** आगामी त्योहार होली ईद,को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर थाना नवाबगंज के परिसर में एसडीएम मोनालिसा जौहरी योग क्षेत्राधिकारी नानपारा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। एसडीएम ने उपस्थित लोगों से त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील करते हुए लोगों से किसी प्रकार की नई परंपरा से बचने की अपील की गई तथा साफ-सफाई के संबंध में जानकारी ली। वहीं थाना क्षेत्राधिकार नानपारा के द्वारा बैठक में बताया गया बताया कि सभी लोग आपस में मिलजुल कर आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ अपना अपना त्योहार मनाएं। इस मौके पर थाना प्रांगण में उपस्थित निरीक्षक क्राइम अशोक कुमार वर्मा, एस आई चंद्रिका पसाद, वह अन्य पुलिस स्टाफ तथा क्षेत्रीय बेचेलाल जायसवाल, पिंटू गप्ता, बलवंत सिंह, अनूपमिश्रा, मुनवर हुसैन, इकरार आलम,अनिल सिंह, रिंकू सिंह, प्रधान, जितेन्द्र कुमार प्रधान, विनय कुमार वर्मा प्रधान, अतुलकमार सिंह, साहाबुद्दीन खान, आदि तमाम लोगों सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### होली और रमजान को लेकर बैठक संपन्न

**जरवल रोड (बहराइच)।** होली और रमजान पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जरवल रोड थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों, व्यापारियों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली और रमजान जैसे पवित्र त्योहारों को आपसी सौहार्द, प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, इसे बदरंग न होने दें और रमजान के पवित्र माह का सम्मान बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। यदि किसी भी प्रकार की आशंका या समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे के पर्व का सम्मान करें तथा क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखें। थाना प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि त्योहारों में व्यवधान डालने वाले अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रतिनिधि संजय राव प्रधान प्रतिनिधि अजमत श्रीचंद जैन जमाल अहमद नसीम अहमद नीरज अग्रवाल, थाने के उपनिरीक्षक, कांस्टेबल, व्यापारी, ग्राम प्रधान, बीडी सी सदस्य, जनप्रतिनिधि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद पुलिस व अन्य। अमृत विचार

# सशस्त्र सीमा बल ने 41 ग्राम स्मैक समेत तस्कर को दबोचा

**रुपईडीहा (बहराइच)**

- मुखबिर की सूचना पर तलाशी के दौरान की गई कार्रवाई


पुलिस की गिरफ्त में तस्कर।

**अमृत विचार।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा सशस्त्र सीमा बल की 42वीं वाहिनी, एफ कंपनी बीओपी रुपैडिहा जवानों एवं उत्तर प्रदेश पुलिस, थाना रुपैडिहा के साथ संयुक्त गश्त के दौरान 41 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

मुखबिर की सूचना के अनुसार रात्रि में भारत-नेपाल सीमा पर बीपी नंबर 651/11 (भारत की ओर लगभग 50 मीटर अंदर) संयुक्त गश्ती दल द्वारा निगरानी बढ़ाई गई। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति सीमा की ओर आते हुए दिखाई दिया, जिसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से काले पॉलिथीन में लिपटी 41 ग्राम स्मैक बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थ की पुष्टि एसएसबी डॉग स्क्वॉड एवं ड्रग डिटेक्शन किट से की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मीनू उर्फ अब्दुल रऊफ (उम्र लगभग 32 वर्ष), पुत्र अब्दुल गफूर, निवासी कल्लन मोहल्ला, नानपारा, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसे यह स्मैक नानपारा में किसी अज्ञात व्यक्ति से प्राप्त हुई थी तथा वह इसे भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर नेपालगंज (नेपाल) में किसी अज्ञात नेपाली व्यक्ति को बेचने की फिराक में था, ताकि शीघ्र एवं आसान धन अर्जित किया जा सके। गिरफ्तार अभियुक्त एवं बरामद मादक पदार्थ को अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु थाना कोतवाली रुपैडिहा, को सुपुर्द कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में किसी समान अपराध में संलिप्तता की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। वहीं सीमा पर तस्करी एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के विरुद्ध 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा अपराधियों पर निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# शिक्षक व बीएलओ पर लापरवाही का आरोप

**खैरीघाट (बहराइच)**

**अमृत विचार।** बहराइच जिले में शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के रखौना ग्राम पंचायत में तैनात शिक्षक एवं बीएलओ पर शिक्षण कार्य में लापरवाही और विशेष पुनरीक्षण अभियान में मनमानी करने के आरोप लगे हैं। शनिवार को तहसील समाधान दिवस में ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कर कार्रवाई। ग्रामीण रमाशंकर त्रिवेदी, ग्राम प्रधान राम दुलारे, ग्राम पंचायत सदस्य मुन्नी देवी, मैनुद्दीन शाह, जाकिर अली, परमहंस पांडेय सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में भी मनमानी कर रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जानकारी लेने पर अभद्र व्यवहार और धमकाने जैसी भाषा का प्रयोग किया गया। ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी को भी लिखित शिकायत भेजकर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी बीएलओ आयुष श्रीवास्तव पर लापरवाही के आरोप लगे थे। वहीं, बीएलओ आयुष श्रीवास्तव ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। फिलहाल ग्रामीणों की निगाहें प्रशासनिक जांच पर टिकी हैं।

# मेगा शिविर में किया गया जागरूक

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कपूरथला परिसर स्थित मल्टीपर्पज उत्थान आडिटोरिम में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान जहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर शासकीय योजनाओं के बारे में आमजनमानस को जागरूक किया गया वहीं विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत लाभार्थियों एवं हिताधिकारियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र, टूल किट, डैमो चेक एवं गोल्डेन कार्ड, कृषि यंत्र इत्यादि का वितरण किया गया। जबकि जनपद के



लाभार्थियों को सहायता राशि की चेक प्रदान करते अधिकारी। अमृत विचार

**आयोजन**

विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेगा शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बहराइच हरेन्द्र प्रसाद, अपर जनपद न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा व विराट शिरोमणि, सीडीओ मुकेश चन्द्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच की सचिव प्रिया कुमारी राय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा चौधरी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वीरेन्द्र कुमार, सीएमओ डॉ. संजय कुमार रहे।

### प्रशिक्षण के लिए 70 किसानों का दल रवाना

**बहराइच।** जनपद के 70 किसानों के प्रशिक्षण दल को को उपनिदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने कृषि भवन से हरी झंडी दिखाकर पंडित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उधम सिंह नगर उत्तराखंड एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली हेतु रवाना किया। प्रशिक्षण दल को रवाना करने से पूर्व उपनिदेशक कृषि श्री वर्मा ने किसानों से कहा कि वह जहां जा रहे हैं। गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा संस्थान पर बोई गई फसलों का अवलोकन भी करें। कृषि की नवीनतम तकनीकी सीख कर तथा इसका उपयोग स्वयं की फसल उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ अपने आसपास के किसानों में कृषि तकनीकी का प्रचार -प्रसार करें, जिससे वह भी अपनी फसल उत्पादन को बढ़ाकर अधिक आय अर्जित कर सकें। उपनिदेशक कृषि श्री वर्मा ने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार किसानों के हित में कई योजनाएं संचालित कर रही है जिसका सीधा लाभ कृषकों को हो रहा है। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी , उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा सदभावना संस्था के योगेंद्र मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


बस को हरी झंडी दिखाते अधिकारी।

### विधान परिषद में गूंजा जलनिकासी का मुद्दा

**जमुनहा( श्रावस्ती), अमृत विचार।** आकांक्षी जिले के 100 आकांक्षी ब्लॉक में शामिल जमुनहा ब्लॉक के जमुनहा बाजार में समस्याओं का अंबार है। यहां बदहाल सफाई व्यवस्था व जलनिकासी की समस्या लोगों के लिए परेशानी का शबब बना हुआ है। ऐसे में एमएलसी ने नियम 115 के तहत विधान परिषद में यह मुद्दा रक्खा है। विधान परिषद में मुद्दा उठाते हुए एमएलसी साकेत मिश्र ने कहा है कि श्रावस्ती जिला प्रदेश के आठ आकांक्षी जिलों में शामिल है। वहीं जमुनहा ब्लॉक देश के 100 आकांक्षी ब्लॉक में शामिल है। मैं सदन का ध्यान श्रावस्ती जिले के जमुनहा बाजार के भीतर जल निकासी की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ। यहां जलनिकास की हालत अत्यंत दयनीय है। उचित जल निकासी प्रबंधन के अभाव में प्रतिवर्ष थोडी सी बरसात के बाद ही पूरे बाजार में जलभराव हो जाता है। इससे स्थानीय नागरिकों व व्यापारियों का जीवन प्रभावित होता है। जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका उत्पन्न रहती है। आकांक्षी श्रावस्ती जिले में जमुनहा सबसे पिछड़ा क्षेत्र है। ऐसे में लोकमहत्व के तात्कालिक, अविलम्बनीय, सुनिश्चित विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल निकासी प्रबंधन में उचित कदम उठाने की मांग करता हूं। इसके लिए एमएलसी ने प्रमुख सचिव विधान परिषद को मांग पत्र भी सौंपा है।

### विद्यार्थियों की एक्सपोजर विजिट संपन्न

**जरवल रोड (बहराइच)।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता विकासखंड–जरवल के प्रारम्भिक एवं अंतिम चरण में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं का एक्सपोजर विजिट पूर्व निर्धारित तिथि पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी, जरवल के नेतृत्व में ब्लॉक संसाधन केंद्र, जरवल से चयनित उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों के विद्यार्थियों की दो बसों को नदी संरक्षण केंद्र के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर बच्चों को निर्धारित यूनिफॉर्म, बैग एवं स्टेशनरी भी प्रदान की गई। भ्रमण दल का स्वागत नदी संरक्षण केंद्र के कोऑर्डिनेटर श्री हर्षित सिंह एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। केंद्र पर विद्यार्थियों ने जैव पारिस्थितिकी, जैव विविधता, कछुओं, डॉल्फिन एवं घड़ियालों के संरक्षण, खाद्य श्रृंखला, सर्पों की दुनिया, बाघ संरक्षण तथा जल एवं प्लास्टिक प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक विषयों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही संरक्षण कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन भी किया। वहीं शैक्षिक भ्रमण के दौरान आयोजित विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में से "उत्कृष्ट अवलोकक", "एक्टिव पार्टिसिपेंट" तथा "क्विज चैंपियन" का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं जिज्ञासा की भावना को प्रोत्साहन मिला। इस एक्सपोजर विजिट/शैक्षिक कार्यक्रम के सफल निर्देशन, प्रबंधन एवं नियोजन में विकासखंड के समस्त ए.आर.पी.—सनत कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, विनय सिंह एवं विनय शुक्ला का विशेष योगदान रहा।

### कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोहनीभारी में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने सहभागिता की कथा के भव्य उद्घाटन के अवसर पर गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान "राधे-राधे" और "जय श्री कृष्णा" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस धार्मिक आयोजन में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रामू तिवारी मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने सपरिवार विधि-विधान से पूजन अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की कथा के प्रथम दिवस पर विख्यात कथा वाचक पं. अमित तिवारी ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी मधुर वाणी में कहा "भागवत कथा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाली प्रेरणा पुंज है। जो व्यक्ति निष्काम भाव से भगवान की शरण में आता है, उसका जीवन धन्य हो जाता है।" कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। आयोजन स्थल को विशेष रूप से आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# अभ्यास सत्र के दौरान गोलियों की तड़तड़ाहट से पुलिस लाइन गूंजी

**संवाददाता, श्रावस्ती**


बलवा से निपटने का अभ्यास करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा रविवार को गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। हूटर बजते पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को अस्पताल ले जाया गया। स्वयं एएसपी ने मोर्चा संभाल कर दंगाइयों को खदेड़ा।

यह सब हुआ आगामी त्योहारों होली एवं रमजान के दृष्टिगत पुलिस लाइन्स भिनगा में बलवा ड्रिल के प्रभावी अभ्यास के दौरान हुआ। आगामी त्योहारों पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम के नेतृत्व में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इसमें करीब 250 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। इसका उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति, विशेषकर दंगा या असामाजिक भीड़ के नियंत्रण

**बलवा ड्रिल**

में पुलिस बल की तत्परता, दक्षता एवं संयमित बल प्रयोग की रणनीति को व्यवहार में लाना था। ड्रिल के दौरान टियर गैस गन, एंटी राइट गन, चिली बम सहित विभिन्न दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। बलवा नियंत्रण की सम्पूर्ण प्रक्रिया को 10 अलग-अलग टीमों ने क्रमबद्ध रूप से प्रदर्शित किया। इसमें एलआईयू का अभिसूचना संकलन, नागरिक पुलिस की ओर से भीड़ को समझाने, चेतावनी जारी करने, अग्निशमन दल द्वारा पानी का छिड़काव, टीयर गैस स्क्वाड द्वारा अश्रु गैस का प्रयोग, और लाठी पार्टी द्वारा न्यूनतम बल प्रयोग जैसे सभी चरणों का अभ्यास शामिल था। इस सम्पूर्ण अभ्यास की निगरानी ड्रोन कैमरे से की गई। एएसपी ने ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश भी दिया।

# मेगा शिविर में 4889 लाभार्थियों को मिला लाभ

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती की ओर से रविवार को मेगा सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित तथागत सभागार में हुआ। जिसमें 4889 लाभार्थी लाभांवित हुए।

जनपद न्यायाधीश राकेश धर दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि प्रभारी जनपद न्यायाधीश अवनीश कुमार गौतम व अपर जिला जज रहे। मेगा शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत 5489 लाभार्थियों की पहचान व पंजीकरण करने के बाद 4889 लाभार्थियों को लाभ का वितरण किया गया। इस दौरान दिव्यांगजन को ट्राइ साइकिल का वितरण, कम्बल वितरण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार यादव ने पात्र अभ्यर्थियों को मुफ्त गैस सिलेंडर व चूल्हा का वितरण किया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने मुद्रा योजना के तहत अभ्यर्थियों को ऋण वितरण किया गया। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अशोक कुमार द्वारा ने अभ्यर्थियों को वृद्धा पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया। इसके साथ ही आपदा सचिव अरुण मिश्र ने फोल्डिंग कमोड का वितरण किया। परियोजना निदेशक अश्विनी कुमार ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया।


शिविर की शुरुआत करते अधिकारी।

**कार्यक्रम**

## भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का विधायक व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया शुभारंभ

# कलाकारों ने देशभक्ति गीतों से लोगों में भर दिया जोश

**संवाददाता, इकौना (श्रावस्ती)**



भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को इकौना के जगतजीत इण्टर कॉलेज में एक दिवसीय भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन हुआ। कलाकारों की ओर से लोकगायन, शास्त्रीय गायन, सूफी गायन और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां महोत्सव का आकर्षण रहे। कार्यक्रम में कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जहां लोगों का मन मोहा तो वहीं देशभक्ति गीतों ने लोगों में जोश भर भरा।

श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, एसएसबी कमांडेन्ट अमरेन्द्र कुमार वरुण व इकौना एसडीएम पीयूष जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारम्भ किया।

दौरान सबसे पहले कॉलेज से इकौना नगर तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसे एसडीएम पीयूष जायसवाल व संस्कृति एवं पर्यटन अधिकारी राकेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा के माध्यम से दोनों देशों की सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक लोक कलाओं की झलक प्रस्तुत की गई। साथ ही भारत-नेपाल के सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों का संदेश दिया गया। इसक साथ ही मंच पर महिला पुरुष कलाकारों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने लोकगायन, मयूर नृत्य, कठपुतली नृत्य, शास्त्रीय गायन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से कलाकारों ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं मंच पर प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने लोगों में जोश भरा। साथ ही होली गीत व भोजपुरी गीतों से लोग आनंदित हुए। और पूरा कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा कि जनक नंदिनी मां सीता का जन्म जनकपुर नेपाल व विवाह अवध में हुआ। यह भारत नेपाल के प्राचीन काल से चले आ रहे रोटी बेटी संबंध का प्रतीक है। विधायक राम फेरन पांडेय ने कहा कि यह महोत्सव भारत और नेपाल के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करता है। भारत-नेपाल का संबंध रोटी-बेटी का पवित्र रिश्ता है, जिसे और प्रगाढ़ बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी दोनों देशों के संबंध प्रगाढ़ बनाने में प्रयत्नशील हैं। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के निदेशक डॉ राकेश कुमार, बौद्ध भिक्षु भंते जामिया, मित्र सेन, आनंद सागर, प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई, अर्चना बाजपेई, वीनू राजपूत आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से किशोर समेत तीन घायल

**इकौना(श्रावस्ती)।** इकौना थाना क्षेत्र ग्राम अहिरन पुरवा निवासी पंकज यादव (18) पुत्र रामबरन, मुनीजर यादव (18) पुत्र श्रवण कुमार व मोहित कुमार यादव (14) पुत्र विजय कुमार देर रात बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान क्षेत्र के कैलाशपुर गांव स्थित जेपी इंटर कॉलेज के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां घायलों की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया।

